

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,शनिवार 29 अप्रैल 2023 ■ वैशाख शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-031 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 अप्रैल 2023 ₹ 1.00

phone: 0771-2543112


## दुश्मनों को मात देने के लिए तैयार भारत की पांच बेटियां

**नई दिल्ली,29 अप्रैल।** भारतीय सेना ने महिला अधिकारियों को आर्टिलरी रेजिमेंट में अनुमति देकर महिलाओं की भूमिका का विस्तार किया है। महिला अधिकारियों के पहले बैच को भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल किया गया। चेन्नई के अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 5 महिला अधिकारी आज आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल हुईं हैं। आर्टिलरी की रेजिमेंट में कमीशन की जा रही पांच महिला अधिकारियों (डब्ल्यूओ) को उनके पुरुष समकक्षों (19 पुरुष अधिकारियों को भी आर्टिलरी में कमीशन किया जाता है) के समान अवसर और चुनौतियां प्रदान की जा रही हैं। इन युवा महिला अधिकारियों को सभी प्रकार की आर्टिलरी इकाइयों में तैनात किया जा रहा है, जहां उन्हें चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में रॉकेट, मीडियम, फील्ड और



सर्विलांस एंड टारगेट एक्विजिशन और उपकरणों को संभालने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण और एक्सपोजर मिलेगा। डीजी आर्टिलरी आदोष कुमार ने बताया कि रेजीमेंट आर्टिलरी के लिए महिला अधिकारियों का हमारे साथ स्वागत करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमें उनकी क्षमता पर पूरा भरोसा है और यकीन है कि वे भविष्य में कमांड आर्टिलरी यूनिट सहित अपने संबंधित भविष्य में बहुत अच्छा कार्य करेंगी।

लेफ्टिनेंट रेखा सिंह ने बताया कि मेरे पति के शहीद होने के बाद मैंने आर्मी में शामिल होने का फैसला लिया। आज मेरा प्रशिक्षण पूरा हो गया है और मैं लेफ्टिनेंट बन गई हूं। उन्होंने कहा कि आज मेरे और मेरे परिवार के लिए एक गर्व का क्षण है।

मैं अन्य महिला उम्मीदवारों को यही कहना चाहूंगी कि आप स्वयं में विश्वास रखिए और जो करना चाहती हैं उसके लिए कदम उठाइए। लेफ्टिनेंट महक सैन ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत गर्व का क्षण है। मुझे पूरा यकीन है कि हम सभी अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय करेंगे और संगठन को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे।

## पंडित प्रदीप मिश्रा ने की गोधन न्याय योजना की तारीफ

**भिलाई,29 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

इस्पात नगरी भिलाई में शिव महापुराण कथा के लिए पहुंचे सिहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि वे भाजपा या कांग्रेस जैसी किसी भी राजनीतिक पार्टी के नहीं बल्कि भगवान महादेव के स्टार प्रचारक हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा लागू गोठान योजना का उदाहरण देकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सराहना की। प्रदीप मिश्रा ने समलैंगिक विवाह को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृति प्रदान करने के सवाल का जवाब देते हुए इस तरह का विवाह कतई श्रेष्ठ नहीं है, यह सनातन धर्म पर चोट पहुंचाने वाला है पंडित प्रदीप मिश्रा ने आज सुबह पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि राजनेता और धर्म के बीच सब्जी में नमक की तरह का संबंध है। यह संबध पुरातन काल से देखने को मिल रहा है। महाराज दशरथ के राज में भी राजनेता थे और गुरु परम्परा का सम्मान किया जाता था। वर्तमान समय में भी राजनेता गुरु परम्परा का सम्मान करते हैं। लेकिन इसे दलीय राजनीति से जोड़कर देखा जाना उचित नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे भाजपा या कांग्रेस जैसी किसी भी राजनीतिक पार्टी के समर्थक अथवा स्टार प्रचारक नहीं हैं। बल्कि वे स्वयं को भगवान महादेव के स्टार प्रचारक मानते हैं। शिव महापुराण कथा के उन्हें जो भी दान और दक्षिणा मिलता है, उसका उपयोग जन कल्याण में किया जाता है पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि सिहोर के कुबेरेश्वर धाम में हजारों शिव भक्त प्रतिदिन भोजन करते हैं। छोटा सा चिकित्सालय बनाया गया है। इस चिकित्सालय में आसपास के 48 से 50 गांव के ग्रामीण मुफ्त में उपचार कराने आते हैं। किसी को गंभीर बीमारी के चलते दूसरे बड़े अस्पताल तक भिजवाने के लिए दो एंबुलेंस की व्यवस्था रखी गई है। इसके लिए जरुरतमंदों से किसी भी तरह की राशि नहीं ली जाती है। इसके अलावा गो सेवा भी समिति द्वारा की जा रही है मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी गोठान योजना के तहत गो सेवा की जा रही है। रायपुर में शिव महापुराण कथा स्थल पर पिछली बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस बात की जानकारी उनसे साझा किया है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ के गोठानों में गाय के साथ साथ नंदी महाराज का भी पालन हो रहा है। श्री मिश्रा ने इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में जन्म लेने वाले सभी लोगों को सनातन धर्म श्रेष्ठ लगना चाहिए। कहीं न कहीं हर मनुष्य में शिव तत्व रहता है। भगवान कृष्ण और श्रीराम में भी शिव तत्व था और उन्होंने शिव भक्ति की।





## जमीन से जुड़ी योजनाओं और नवाचार के लिए भूपेश बघेल को डॉक्टरेट की उपाधि

**रायपुर,29 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर स्थित होटल में आयोजित सारबोन यूनिवर्सिटी ऑफ पेरिस, फ्रांस के कार्यक्रम में शामिल हुए. मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्रांस की प्रतिष्ठित सोरबोन यूनिर्विसिटी ने छत्तीसगढ़ शासन के विकास कार्यक्रमों को सराहा है और मुझे आज डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा है, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद. फ्रांस के प्रतिष्ठित सारबोन यूनिवर्सिटी ने आज जो प्रदेश के नवाचारी कार्यों के लिए सम्मानित किया है. मैं इसके लिए आभारी हूँ. मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे पास एक किताब विनोबा जी की है. उसमें उन्होंने लिखा है कि भारत में महात्मा गांधी, रविन्द्र नाथ, रामकृष्ण परमहंस जैसी विभूति रही हैं और उनका योगदान हमारी मनीषा को बनाने में है. बिना अस्त्र के लड़ाई की कल्पना संभव है क्या, महात्मा गांधी ने इसे साकार किया. अरोबिंदो के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जब आप निर्लिप्त भाव से कर्म करेंगे तो द्वेष रहित होकर काम करेंगे. जो लोग नैतिकता को प्रधानता देते हैं, वे धन से दूर होते हैं. हम ऐसे ही समृद्ध प्रदेश से हैं. भौगोलिक रूप से हम समृद्ध है. हमारे पास जंगल है. हिमालय के बाद सबसे अधिक नाले हमारे यहां है.

### अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, छात्र की मौत

**धमतरी,29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में एक स्कूली बच्चे की मौत हो गई है. जबकि बच्चे के पिता समेत दो लोग घायल हुए हैं. बताया जा रहा है कि लकड़ी के बल्ली से भरे अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को चपेट में ले लिया. जिससे नवोदय विद्यालय की परीक्षा देने जा रहे 12 वर्षीय छात्र की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह मामला नगरी थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, दुगली गांव के बीरनपारा निवासी 12 वर्षीय कुलेश्वर चक्रधारी अपने पिता नरेंद्र चक्रधारी और भूपेंद्र सलाम नामक युवक के साथ बाइक में सवार होकर नगरी नवोदय विद्यालय की परीक्षा देने जा रहा था. इसी दौरान नगरी- धमतरी मार्ग पर डोंगरडुला के पास ट्रक पलट गया. जिसके चपेट में बाइक सवार आकर दब गए. जिससे छात्र कुलेश्वर की मौके पर मौत हो गई. इस घटना में उनके पिता समेत दो लोग घायल हो गए हैं.

## करोड़ों के फ्लैट्स खंडहर में तब्दील

**दरवाजे-खिड़की, रसोई व शौचालय के सामान उखाड़ ले गए लोग ,अब मरम्मत पर प्रति मकान डेढ़ लाख का खर्च**

**रायपुर, 29 अप्रैल।■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने करोड़ों खर्च कर गरीबों के लिए जो बहुमंजिला आवास बनाए थे उन आवासों की ईंटे खिसकने व दीवारें दरकने लगी हैं। दरअसल इन मकानों में जो गरीब पूर्व में रहते थे उन लोगों ने तथा चोरों ने मकान का नक्शा ही बिगाड़ दिया है। दरवाजे-खिड़की तो उखाड़कर ले ही गए हैं रसोई घर व शौचालय के सामान भी गायब कर दिए हैं। यहां पर सात सौ मकानों की यही स्थित है। एक भी फ्लेट रहने लायक नहीं है। पूरा का पूरा आवासीय परिसर खंडहर व भूतहा नजर आने लगा है। यह सब कुछ गृह निर्माण मंडल व नगर निगम प्रशासन की लापरवाही से हुआ है। तेलीबांधा तालाब के किनारे स्थित बस्ती वालों को शदाणी दरबार धमतरी रोड के सामने बोरियाकला में निर्मित गृह निर्माण मंडल के मकानों में विस्थापित किया गया था। तेलीबांधा के पास गरीबों (बीएसयूपी) के लिए आवासीय परिसर का निर्माण हो गया तब इन्हें बोरिया से यहां स्थानांतरित कर दिया गया था। बोरिया से तेलीबांधा आने के समय अधिकांश लोगों ने मकान में लगे सारे सामान उखाड़कर अपने साथ तेलीबांधा ले आए। जो सामान बचे थे वह चोरों के हिस्से में चल गया। इन मकानों को गृह निर्माण मंडल ने नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया था। दुर्भाग्य की बात है कि यहां चौकीदार की तैनाती नहीं थी। और तो और लोग खुलेआम दरवाजे खिड़की उखाड़कर ले जाते रहे और जिम्मेदारों को हवा तक नहीं लगी। बताया जाता है कि अब-अब इन मकानों को पुनः रहने लायक मरम्मत करने में प्रति मकान डेढ़ लाख का खर्च आएगा। यानी कुल सात करोड़ से अधिक का चूना लगेगा। यह सरकारी धन का दुरुपयोग है। सरकार के खजाने में आम जनता के खून पसीने की कमाई जमा होती है। समाज में कुछ लोग ऐसे हैं जो सरकारी संपत्ति आपकी अपनी है संदेश को दूसरे रूप में लेते हैं। इन संपत्तियों को बचाने या सुरक्षा करने के बजाय अपनी मानकर लूट ले जाते हैं।



छाया: जावेद खान



### भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं, धार्मिक ध्रुवीकरण का कर रही प्रयास : मरकाम

**रायपुर,29 अप्रैल।** बिरनपुर में पक्षपात पूर्ण कार्रवाई के भाजपा के आरोप पर पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा कि घटना का जो भी दोषी है, उनपर पुलिस ने कार्रवाई की है. बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है, मुद्दा बनाने का प्रयास किया जा रहा है. धार्मिक ध्रुवीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है, घटना को राजनीतिक रूप देने का प्रयास किया जा रहा है. जो कानून तोड़ेगा, उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी. कांग्रेस विधायक के बिरनपुर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात के सवाल पर मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधायक दल को मिलने कहा है. जब सामान्य स्थिति बनेगी तब हम जायेंगे. वहीं आगामी विधानसभा में कार्यकर्ताओं की पसंद से टिकट वितरण के सवाल पर उन्होंने कहा कि टिकट फाइनल करने का अधिकार हाईकमान को है.

### इस्तीफा देना कोई बड़ी बात नहीं लेकिन मैं अपराधी नहीं हूं : बृजभूषण

**नई दिल्ली,29 अप्रैल।** भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण सिंह ने आज कहा कि वह इस्तीफा देने को तैयार हैं लेकिन आरोपी के तौर पर नहीं। उन्होंने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं और उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। बृजभूषण सिंह ने कहा उन्होंने (पहलवानों) 12 साल तक किसी भी पुलिस स्टेशन, खेल मंत्रालय या महासंघ से शिकायत नहीं की। उनके विरोध से पहले, वे मेरी प्रशंसा करते थे, मुझे अपनी शादियों में आमंत्रित करते थे और मेरे साथ तस्वीरें लेते थे, मेरा आशीर्वाद लेते थे। अब मामला है डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृज भूषण सिंह ने कहा, मैं सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली पुलिस के साथ हूं और मैं उनके फैसले को स्वीकार करूंगा। डब्ल्यूएफआई प्रमुख का कहना है कि पहलवान रोज नई मांग लेकर आ रहे हैं। डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण सिंह ने कहा, हर दिन वे (पहलवान) अपनी नई मांगों को लेकर आ रहे हैं। उन्होंने प्राथमिकी की मांग की, प्राथमिकी दर्ज की गई और अब वे कह रहे हैं कि मुझे जेल भेज दिया जाना चाहिए और सभी पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। मैं सांसद हूं क्योंकि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोग और विनेश फोगट की वजह से नहीं। केवल एक परिवार और अखाड़ा (विरोध कर रहे हैं) और हरियाणा के 90% खिलाड़ी मेरे साथ हैं। डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह ने एएनआई को बताया इस्तीफा कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन मैं अपराधी नहीं हूं।



### पहलवानों से मिली प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली,29 अप्रैल।** कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों का धरना लगातार बड़ा रूप लेता जा रहा है। शनिवार के दिन कांग्रेस प्रियंका गांधी भी इस धरने में शामिल हुईं। उन्होंने पहलवानों के साथ लगभग एक घंटे बिताए। इस दौरान उनकी परेशानी सुनी, उन्हें सांत्वना दी और सरकार से सवाल भी किए। उन्होंने पूछा की सरकार बृजभूषण सिंह को क्यों बचा रही है। इसके साथ ही प्रियंका ने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा। पहलवानों के धरने में सातवें दिन सुबह 7.45 बजे प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। यहां वह लगभग 50 मिनट तक महिला पहलवानों से बात करती रहीं। उन्होंने विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया से भी बात की। बातचीत के दौरान विनेश भावुक हो गईं तो प्रियंका ने उन्हें सांत्वना भी दी।

### जिन पहलवानों को प्रैक्टिस करनी चाहिए वे धरने पर बैठने के लिए मजबूर: बघेल

**रायपुर,29 अप्रैल।** दिल्ली के जंतर मंतर में चल रहे पहलवानों के आंदोलन को लेकर सीएम भूपेश ने केंद्र सरकार पर निशान साधा है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के साथ यही दिक्कत है, भारतीय जनता पार्टी के लोग इस मामले में कुछ क्यों नहीं बोल रहे हैं ? सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही. जिन पहलवानों को प्रैक्टिस करना चाहिए वे पहलवान धरने पर बैठे हैं. देश के लिए ये दुर्भाग्यजनक है.

सीएम ने कहा कि नक्सलवाद को लेकर बीजेपी की दृष्टि अलग थी. गोली के बदले गोली बंदूक के बदले बंदूक, निश्चित ही समस्या का समाधान नहीं था. राजनीतिक, आर्थिक सामाजिक रूप से इसको समाप्त किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि सरकार के प्रति आदिवासियों का विश्वास बढ़ा है, इसी कारण नक्सलवाद पीछे हटा है.

वहीं RSS के पूर्व प्रांत संचालक के बयान पर सीएम भूपेश बघेल ने निशाना साधते हुए कहा कि लोगों को भ्रम फैलाने के लिए अलग-अलग तरीके से बयान देते हैं. लोगों में भ्रम बना रहे और हमारा साथ छूटे ना, इसलिए भी इस तरह के बयान दिए जाते हैं.

**भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ आरोप पर पहलवान फिर आक्रोशित**

jasclaudius@gmail.com

## अनुशासनहीनता बताकर मुंह बंद करने का प्रयास

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

हमारे देश में खिलाड़ियों के साथ अन्याय, पक्षपात की खबरे स्वतंत्रता मिलने के पश्चात कभी-कभी रही हैं। एक समय था जब खेलकद के विभिन्न स्पर्धाओं के लिए बालिकाओं, युवतियों, महिलाओं के प्रोत्साहित करने की आवश्यकता होती थी। धीरे-धीरे अभिभावकों ने अपनी बेटियों को खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए घर से बाहर जाने की छूट दी। भारत में ऐसे अनेक खेल हैं जिनमें आज की परिस्थिति में कोई लिंग भेद नहीं है। महिला वर्ग की खिलाड़ियों को अब घर-परिवार समाज द्वारा निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। यही हाल केंद्र, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों, विभिन्न औद्योगिक घरानों का है। व्यक्तिगत खेल प्रतियोगिता हो या दल आधारित भारतीय महिलाओं ने पिछले पचास वर्षों में शानदार प्रदर्शन करके भारत का नाम रौशन किया है। अंतर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ती जा रही है। बालिकाएं व युवतियां आधुनिक काल में पहले की अपेक्षा कहीं अधिक पढ़ी लिखी हैं। वे अपना हित व अहित को समझने लगी है। इसकी वजह से से थोड़ा भी गलत होने पर वे आवाज उठाने के लिए तैयार रहती हैं। कुश्ती के खेल से जुड़ी महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के विरूद्ध आवाज उठानी शुरू किया है। माता-पिता, अभिभावक अपने नौनिहालों को जब खेलों के माध्यम से उनकी प्रतिभा दिखाने के लिए खुले मन से तैयार हैं तभी कुश्ती के पहलवानों ने कुश्ती फेडरेशन के पुरुष प्रतिनिधियों के विरूद्ध आवाज उठाना शुरू कर दिया है। हमारे देश में महिला खिलाड़ियों को प्रत्येक वर्ग सम्मान देता है। सरकार के प्रयास से उन्हें अत्याधुनिक प्रशिक्षण व संसाधन उपलबध कराये जा रहे हैं। जिसकी वजह से



महिला पहलवानों ने ओलंपिक खेलों से लेकर सभी बड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत के लिए अनेक पदक जीते हैं। महिला पहलवानों ने खुद के साथ अखिल भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष द्वारा पिछले कई वर्षों किए जा रहे यौन शोषण को उजागर किया तथा न्याय की मांग के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर में तीन माह पूर्व धरना प्रदर्शन किया था। इस मांग की जांच के लिए कमेटी भी गठित की गई थी परंतु करीब तीन माह बाद कुछ निर्णय नहीं आने से वे अब फिर आंदोलित हो गए हैं। इस बार कपिल देव, नीरज चोपड़ा जैसे महान खिलाड़ियों ने महिलाओं की मांग पर अपना सकारात्मक पक्ष रखा है। दूसरी तरफ भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने महिला पहलवानों की मांग पर टिप्पणी करते हुए एक खिलाड़ी के रूप में महान खिलाड़ी रही पीटी उषा ने उनके आंदोलन को देश में खेल वातावरण को दूषित करने वाला और अनुशासनहीनता तक कह डाला।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने पहलवानों पर टीका टिप्पणी तो की है परंतु भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष के बारे में और जांच रिपोर्ट के खुलासे के बारे में अपना मुंह बंद रखा। स्पष्ट है पीटी उषा का बयान घाव में नमक छिड़कने जैसा है। धाविका से सांसद फिर सबसे बड़े खेल संघ के अध्यक्ष की बुलंदी पर पहुंचने वाली पीटी उषा महिला पहलवानों के आंदोलन से भारतीय खेल जगत को होने वाली हानि से अज्ञात है। कोई भी साधारण महिला यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने से पहले कई बार यह सोचती है कि इससे उसके पारिवारिक जीवन, समाज में उसकी कुछ भी इज्जत नहीं रह जाएगी फिर महिलाएं खुले आम आरोप लगा रही है तो फिर फेडरेशन के पुरुष अध्यक्ष के आचार, व्यवहार, चरित्र संदेहास्पद हो सकता है। अतः पीटी उषा को पहले या तो जांच कमेटी का निर्णय आने तक चुप रहना था या फिर उसे सार्वजनिक करते हुए महिलाओं को अनुशासनहीनता का पाठ पढ़ाना था। जो भी हो इस विवाद का जल्द अंत होना चाहिए अन्यथा दुष्परिणाम यह संभव है कि भारत में कोई भी अभिभावक अपनी लड़कियों के खेल में आगे बढ़ने नहीं देगा।

## संक्षेप



### बाहुबली मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा 5 लाख जुर्माना

**गाजीपुर,29 अप्रैल।** गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के लगभग 16 साल के पुराने मामले में दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 5 लाख का जुर्माना भी ठोका है। बता दें कि अफजाल अंसारी पर दोपहर 2 बजे फैसला आएगा। एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे इस मामले में बीते 15 अप्रैल को फैसला आना था। न्यायाधीश के अवकाश में होने के चलते फैसला नहीं आ पाया था। ऐसे फैसले के लिए 29 अप्रैल को तारीख नियत की गई थी। वर्ष 2007 के इस मामले में बीते एक अप्रैल को बहस और सुनवाई पूरी कर ली गयी थी और 15 अप्रैल को फैसला होना था। अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे इस केस में बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड केस गैंग चार्ट में शामिल है। जबकि नन्दकिशोर रूंगटा के अपहरण और हत्या का केस भी गैंग चार्ट में शामिल है। 29 नवंबर 2005 को गाजीपुर के भांवरकोल थाना अंतर्गत सियाड़ी गांव में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों पर एके-47 जैसे अत्याधुनिक असलहों से लगभग 400 राउंड से ज्यादा फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। सातों लोगों का शव पोस्टमार्टम के लिए बीएचयू लाया जाने लगा तो भाजपा विधायक के समर्थक उग्र हो गए थे और जगह-जगह तोड़फोड़ व हिंसा की गई थी।

### 8वीं पास नक्सली ने रची थी अरनपुर विस्फोट की साजिश

**दंतेवाड़ा,29 अप्रैल।** 26 अप्रैल की दोपहर अरनपुर में नक्सली हमले में 10 जवान और 1 ड्राइवर शहीद हो गए थे। अब इस घटना को लेकर सूचना मिल रही है कि 33 साल के कुख्यात नक्सली जगदीश ने आईईडी विस्फोट का प्लान तैयार किया था। सुकमा जिला का रहवासी नक्सली जगदीश 8वीं पास है। बताया जा रहा है कि इसके पास एके 47 हथियार भी है। यह भी जानकारी सामने आ रही है कि 2 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुख्यात नक्सली की पत्नी हेमला दरभा डिवीजन की डॉक्टर टीम की कमांडर है। इसके अलावा जगदीश के ससुर विनोद हेमला कांगेर घाटी एरिया के कमेटी प्रभारी है। इस मामले को लेकर खुफिया अधिकारियों का कहना है कि, घटना के पीछे सीपीआईमाओवादी की दरभा डिविजनल कमेटी का हाथ है। हालांकि पुलिस ने घटना में शामिल नक्सली पर 5 लाख का इनाम रखा है। जानकारी के मुताबिक, मास्टरमाइंड जगदीश इंटेलिजेंस है और इलाके में उसको जानने वाले लोग है। तकनीकी जानकारी से पता चलता है कि जगदीश विस्फोट स्थल के पास मौजूद था और उसने हमले की योजना बनाई थी। पुलिस ने 12 नक्सलियों पर एफआईआर भी दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार, अरनपुर नक्सली हमले में शामिल दरभा डिवीजन कमेटी के माओवादी कैडर जगदीश समेत लखखे, लिंगे, सोमडू, महेश, हिड़मा, उमेश, देवे, नंद कुमार, लखमा, कोसा, मुकेश तथा अन्य पर FIR दर्ज की गई है।

## एक नजर

### पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने सपरिवार पहुंचे महापौर नीरज पाल



**भिलाई, 29 अप्रैल।** विश्व विख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से शिव पुराण की कथा सुनने आज महापौर नीरज पाल सपरिवार आयोजन स्थल जयंती स्टेडियम के समीप मैदान में पहुंचे। उन्होंने परिवार के साथ कथा सुनी और आरती में भी शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने भी शिव पुराण का श्रवण किया। वहीं उन्होंने शिव का जाप करते हुए भिलाई वासियों के सुख और समृद्धि के लिए मनोकामना की। पंडित प्रदीप मिश्रा को सुनने के लिए लगातार लोगों की भीड़ उमड़ रही है। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल से पंडित प्रदीप मिश्रा जी का कथा वाचन हो रहा है, जिसे सुनने के लिए भिलाई सहित अन्य शहरों एवं जिलों से भी लोग भिलाई का रुख कर रहे हैं। पंडित मिश्रा के कथा वाचन का चौथा दिन है। जिसमें महापौर पहुंचकर तथा श्रद्धालुओं के बीच बैठकर कथा का श्रवण करते रहे।

### मंत्री अकबर के समक्ष ग्राम पंचायतों के पंचों और सरपंच ने किया कांग्रेस प्रवेश



**कवर्धा, 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आस्था प्रकट करते हुए कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति तथा कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश का दौर जारी है। सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम पंचायत कुटकीपारा व तालपुर के सरपंच सहित पंचों ने रायपुर में मंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कैबिनेट मंत्री तथा कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर की शक्रियता से कवर्धा विधानसभा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से पूरे क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहौल बना है। प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता लगातार बढ़ते जा रहे है। इन दोनों नेताओं के कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़कर हो रहे विकास कार्यों में अपनी सहभागिता निभाना चाह रहे है। प्रवीण मेश्राम के साथ में पहुंचे ग्राम पंचायत कुटकीपारा के सरपंच देशनाथ साहू, उपसरपंच लगनू राम नेताम, पंचगण सुरेश नेताम, लखन साहू तथा फागूराम मेरावी, बैहर सिंह खुसरों, रामभज नेताम, सुरेश साहू, भीवन ध्रुर्वे ने मंत्री मोहम्मद अकबर को लिखित आवेदन करके कांग्रेस की सदस्यता प्रदान करने की मांग की। इसी तरह का आवेदन ग्राम पंचायत तालपुर के सरपंच राम कौशिक, पंच रामझूल पटेल, पंच घुरूवा कौशिक तथा मुकेश कौशिक, बबला पटेल, टुकेश कौशिक, रामकुमार नेताम ने भी मंत्री महोदय को सौंपा। इन सभी का भावनाओं का सम्मान करते हुए कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने इनके कांग्रेस प्रवेश के लिए अपनी सहमति दी। उन्होंने इन सभी लोगों को तिरंगा गमछा पहनाकर इनका कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया।

### छत्तीसगढ़ शिवसेना ने की नक्सली हमले की निंदा

**भिलाई, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के उप प्रमुख सुरेन्द्र यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दंतेवाड़ा के अरनपुर नक्सली हमले में शहीद हुए वीर जवानों एवं पुलिस कर्मी की हत्या की घोर निंदा कर आक्रोश व्यक्त किया। शिवसेना संगठन द्वारा कार्यक्रम कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में प्रदेश उप प्रमुख सुरेन्द्र यादव ने कहा कि बस्तर का माहौल दिन पर दिन ख़राब होता जा रहा है।

# धनेश पाटिला का कवर्धा आगमन पर भव्य स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य अंतव्यसायी वित्त विकास निगम के चेयरमैन केबिनेट मंत्री के दर्जा प्राप्त .धनेश पाटिला जी का एक दिवसीय दौरा कवर्धा आगमन हुआ प्रवास पर स्थानीय सर्किट हाउस में स्थानीय लोगो के द्वारा जोरदार फूल माला से स्वागत किया । पाटिला द्वारा उपस्थित लोगो से रूबरू होते हुए विभाग में चल रहे योजनाओ पर चर्चा करते हुए भूपेश सरकार की सराहना किया और बताया कि सरकार किसान गांव गरीब,युवा एवम महिला पर फोकस किया है जो सराहनीय है । छत्तीसगढ़ राज्य में पुनः कांग्रेस की सरकार बने हम सबको आने वाले चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए जिससे छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास किया जा सके उक्त अवसर पर कवर्धा कांग्रेस प्रभारी थानेश्वर पाटीला आगमदास अनंत बाबूदास गोप अजहर खान शिव महंत विरेंद्र जांगड़े राजेंद्र मारकंडे संतन सत्यवांशी सरपंच राजकुमार ध्रुवे कौशल कुमार संतोष डहरिया सरपंच घोठिया जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ईश्वर शरण वैष्णव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

# यूथ क्लब ने भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए वाटर कूलर की सौगात दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 29 अप्रैल।** यूथ क्लब कवर्धा द्वारा इस भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनों के लिए अपने यूथ भवन परिसर में वाटर कूलर लगाया जिसका लोकार्पण ऋषि शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा ने किया कवर्धा के प्रथम नागरिक का क्लब के वरिष्ठ सदस्य रवेल सिंह धनसुख पटेल संजय देसाई प्रमोद लूनिया एवं क्लब के वर्तमान अध्यक्ष बलबीर खुनजा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया क्लब के अध्यक्ष ने प्रतिवेदन पढ़ा और इस वर्ष क्लब में साल भर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी । ऋषि शर्मा ने कहा गर्मी को देखते हुवे यहाँ पर शीतल पेय जल की नितांत जरूरत महसूश की जा रही थी और क्लब को इसी प्रकार के सामाजिक कार्य करते रहने को कहा और अपना सहयोग प्रदान करने को कहा । कार्यक्रम का संचालन युथ क्लब के सचिव जसवंत छाबड़ा ने किया और अंत मे क्लब के सदस्य संजय तिवारी ने आभार व्यक्त किया । उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा सहित यूथ क्लब के सदस्य उपस्थित रहे ।

### श्रमिक दिवस पर कला मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**भिलाई, 29 अप्रैल।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रमिक दिवस व बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह के परिप्रेक्ष्य में 01 मई 2023, दिन सोमवार को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में संध्या 7.30 बजे से इम्पा आर्केस्ट्रा द्वारा नए व पुराने फिल्मी गीतों पर आधारित रंगारंग आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# ग्रामीणों को रोजगार देने में कबीरधाम जिला राज्य में प्रथम स्थान पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,29 अप्रैल।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में कबीरधाम जिले के ग्रामीण परिवारों को लगातार रोजगार मिल रहा है। वर्तमान में 86225 पंजीकृत मजदूर कार्य कर रहे हैं जो पूरे प्रदेश में नियोजित मजदूर संख्या में सबसे ज्यादा है। इसी तरह चालू वित्त वर्ष के महा अप्रैल 2023 में अभी तक 7.06 लाख मानव दिवस रोजगार प्रदाय का लक्ष्य रखा गया था जिसमे 6.83 लाख मानव दिवस का रोजगार ग्रामीणों को प्रदान किया गया है जोकि लक्ष्य का 97 प्रतिशत होकर राज्य में ज़िले का दूसरा स्थान है। अभी तक 49712 पंजीकृत परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए 10 करोड़ 94 लाख 6 हजार रुपए का मजदूरी भुगतान ग्रामीणों को उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।

**रोजगार देने में कबीरधाम जिला अग्रणी:कलेक्टर जनमेजय महोबे**

कलेक्टर कबीरधाम श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले के 393 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की मांग पर अनेक कार्य खोले गए हैं तथा अभी 891 कार्य चल रहे हैं जिसमे प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। महा अप्रैल मई एवं जून में ग्रामीणों को काम की तलाश रहती है इस दौरान उन्हें सबसे ज्यादा रोजगार प्रदाय किया जाता है।

उन्होंने बताया कि मैदानी कर्मचारियों की लगातार समीक्षा करते हुए जिले के प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीणों को रोजगार गारंटी योजना से कार्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में पर्याप्त मात्रा में कार्यों की स्वीकृति पूर्व से करके रखी गई है जो ग्रामीणों की मांग पर प्रारंभ किए जा रहे हैं। साथ ही निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यस्थल पर काम के दौरान निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए ग्रामीणों को समय सीमा में मजदूरी भुगतान किया जाए। मनरेगा अंतर्गत चल रहा है सभी कार्यों का नियमित मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं तथा सभी जनपद पंचायत के सीईओ कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य मैदानी अमले लगातार फील्ड विजिट कर रहे हैं।

### जल संरक्षण की दिशा में नरेगा योजना से हो रहे हैं अनेक कार्य: सीईओ संदीप अग्रवाल

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में मजदूरी मूलक कार्य खोले गए हैं। जिसमें तालाब निर्माण डबरी निर्माण सड़क मिट्टी करण कच्ची नाली निर्माण नाला गाद सफाई जैसे अनेक कार्य शामिल है। सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में परिसंपत्ति निर्माण का कार्य हो रहा है। मनरेगा योजना के तहत जल संरक्षण की दिशा में प्रयास करते हुए अधिक से अधिक तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। संदीप कुमार अग्रवाल ने आगे बताया कि सामान्य भूजल संरचना के अतिरिक्त जिले में 86 अमृत सरोवर की स्वीकृति की गई है जिनमें से 70 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 11 कार्य प्रगति पर है। प्रत्येक अमृत सरोवर कम से कम 1 एकड़ के क्षेत्र में बनाया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण एवं जल संचय के साथ स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को आजीविका के गतिविधियों से जोड़ना है।

### भिलाई-चरौदा में तेज हुआ आयुष्मान पंजीयन कार्यक्रम



**भिलाइ, 29 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा महापौर निर्मल कोसरे एवं निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र में घर घर तक पहुंचकर निगम के कर्मचारियों द्वारा लोगों का आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीयन किया जा रहा है। यहां यह बता रहे है कि नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तारतम्य में है। खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य अनुसार 93347 व्यक्तियों के पंजीयन हेतु टारगेट दिया गया है। जिसके विरुद्ध अब तक कुल 60357 व्यक्तियों का पंजीयन निगम के कर्मचारियों द्वारा कर लिया गया है।

# शासकीय सेवक से मारपीट



**भिलाई ।** भिलाई तीन थाना क्षेत्र हथखोज की एक केमिकल कंपनी में बीते 19 अप्रैल की शाम को अचानक आग लग गई थी। डायल 112 पर इसकी सूचना मिलने के बाद के बाद नगर सेना की फायर ब्रिगेड आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने जैसे ही रेस्क्यू आपरेशन, शुरू किया वहां उपस्थित कंपनी के एक अधिकारी ने दमकल कर्मियों से विवाद शुरू कर दिया आरोपित ने दमकल कर्मियों ने मारपीट करते हुए उनके काम में बाधा पहुंचाई घटना की शिकायत के बाद पुरानी भिलाई पुलिस ने आरोपित गोविंद मंडल के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, शासकीय सेवक से मारपीट और गाली गलौज की धारा के तहत प्राथमिकी की है पुलिस ने बताया कि बीते 19 अप्रैल को हथखोज स्थित टेथिस केम प्राइवेट लिमिटेड नाम की केमिकल कंपनी में आग लग गई थी जानकारी मिलते ही नगर सेना के फायर ब्रिगेड के दल प्रभारी एफ प्रवीण बारा अपने दल के सहकर्मी नागेश्वर मारकंडेय, धर्मेंद्र बंजारे, अवतार सिंह और राजेश साहू के साथ घटना स्थल पर पहुंचा। कंपनी में लगी आग को बुझाने के लिए बगल की कंपनियों से पानी की पाइप लाइन लाकर उसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा था फायर ब्रिगेड ने मोर्चा संभाला और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया तभी कंपनी के अधिकारी गोविंद मंडल ने विवाद शुरू कर दिया आरोपित ने आग बुझाने से रोकते हुए शिकायतकर्ता से मारपीट की थी ।

# भिलाई-चरोदा आयुक्त पहुंचे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, दिये दिशा निर्देश



भिलाई, 29 अप्रैल। भिलाई- चरोदा निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी ने दिनांक 27.04.2023 को निगम के वार्ड क्र. 30 उरला स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और इस संबंध में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी प्रदान किये। विदित है कि अमलेश्वर से होकर खारून नदी का पानी इस निगम में पेयजल आपूर्ति के लिए उरला स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचता है। जहां प्यूरिफाई होकर पानी सिरसा एमबीआर (मुख्य टैंक) तक पहुंचता है। इस टैंक की क्षमता 2010 किलो लीटर है। सिरसा से यह जल निगम क्षेत्र के 15 टैंकों में विभाजित होकर आम जनता तक पहुंचता है। निगम आयुक्त के द्वारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किये जाने के दौरान वाटर सप्लाई कार्य में संलग्न कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की हिदायत दी है। साथ ही इस पानी को शीघ्र पीने योग्य बनाने की कवायद को पूरा करने आदेश प्रदान किये। गौरतलब है कि कैमिस्ट, मीटर चालक एवं सफाई कर्मी मिलाकर कुल 32 कर्मचारी इस कार्य में संलग्न हैं। जो दैनिक कार्य संपादन करते हैं। निगम आयुक्त के साथ कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, उप अभियंता एवं जल कार्य प्रभारी हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश रात्रे एवं डब्लयू टी बी इंचार्ज राजेश अचैया मौजूद थे ।



**जामुल। वार्ड क्रमांक 3 बस स्टैंड के पीछे नाली सफाई कार्य कराया जा रहा है।**

# दीवारों पर सुंदर कलाकृति से स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 अप्रैल।** निगम के महापौर नीरज पाल और आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई हर संभव प्रयासरत है। स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के लिए निगम के विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता का संदेश देते हुए वॉल पेंटिंग बनाई जा रही है। नेहरू नगर जोन, वैशाली नगर जोन, मदर टेरेसा नगर एवं शिवाजी नगर जोन में वॉल पेंटिंग की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों, अधिक आवागमन वाले स्थलों, मुख्य सड़कों के किनारे व शौचालय की दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दे रहे है, दीवारों पर रंग रोगन के साथ ही सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता का महत्व बताते हुए आमजन को जागरूक कर रहे है। स्वच्छता महाअभियान के तहत रहवासी क्षेत्रों की सड़क, नालियों की नियमित सफाई करने के साथ ही शहर में झिल्ली, पन्नी के कचरे को भी हटाया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई स्वच्छ भारत अभियान के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने सार्वजनिक स्थानों, मुख्य उद्यानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख सड़कों के किनारे व चौक चौराहों पर वॉल पेंटिंग बनवाई है। गोल बाजार क्षेत्र, गौरव पथ, कोहका, कुरूद क्षेत्र, जुनवानी, नेहरू नगर, राधिका नगर, लक्ष्मी नगर, इंदिरा नगर, आकाशगंगा मार्केट इत्यादि स्थानों पर वॉल पेंटिंग की गई है। मेरा भिलाई साफ हो इसमें हम सबका साथ हो नारा को साकार करने दीवारों पर रंग रोगन करने के साथ ही सुंदर सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता के महत्व का संदेश दे रहे है। निगम द्वारा कराए जा रहे वॉल पेंटिंग में सुखा कचरा नीले कूड़ेदान में तथा गीला कचरा हरे कूड़ेदान में, दवाई ने नाता तोड़ो, सफाई से नाता जोड़ो, तालाब के आस-पास की सफाई से संबंधित, हम सबका एक ही सपना स्वच्छ और सुंदर भिलाई हो अपना, मिटे गंदगी भागे रोग शौचालय का करे प्रयोग, गार्डन में गंदगी न फैलाने, सिंगल यूज्ड पॉलीथिन का उपयोग न करने, सार्वजनिक शौचालय को गूगल पर कैसे जानकारी प्राप्त करें, गीला एवं सूखे कचरे को नीले हरे डिब्बे में डाल कर देना, कचरा दिखने पर निदान 1100 में कॉल कर सूचना देना, मेरा शहर साफ हो इसमें मेरा भी हाथ हो तथा निगम क्षेत्रों के दीवारों पर चित्रों के माध्यम से छोटे बच्चों को भी स्वच्छता संबंधित संदेश प्रसारित की जा रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए निगम अथक प्रयास कर रहा है। नागरिकों की सहभागिता इसमें अत्यंत आवश्यक है उन्हें जागरूक करने नित्य नए प्रयास किए जा रहे हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के संबंध में निगम आयुक्त त्रिपाठी ने ली अधिकारियों की बैठक




**भिलाई, 29 अप्रैल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारी का जायजा लेने लिए भिलाई चरौदा आयुक्त ने दिनांक 26/4/2023 को निगम अधिकारियों एवं संबंधित विभाग के कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान बिंदुवार चर्चा करते हुए निर्देशित किया की सभी मुख्य मार्ग सहित गली मोहल्ले की सड़कों, नालियों की नियमित सफाई कराई जावे। नाली नाला में आवश्यकतानुसार जाली लगाया जाए जिससे कचरा नदी के पानी को दूषित ना कर पाए। घर से ही गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाये। ऐसे परिवार जो घर पर गीला सूखा कचरा अलग-अलग नहीं करते हैं उन्हें समझाइश दी जावे फिर भी वह नहीं अलग करते हैं तो वहीं पर रू 50 जुर्माना लगाया जावे यदि जुर्माना नहीं देते हैं तो उसे बताया जावेगी यह राशि यूजर चार्ज में जुड़ेगा और इसे टेक्स के साथ जोड़कर लिया जाएगा। इस हेतु लोगों को अलग अलग गीला एवं सुखा कचरा देने के लिए प्रेरित किया जावे। सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग नहीं करें इसके स्थान पर कपड़े का थैला उपयोग करें इसका उपयोग करने एवं इसके विक्रय करने पर जुर्माना लगाया जाएगा जोकि हर दूसरी बार गलती करने पर जुर्माने की राशि डबल हो जाएगी। सार्वजनिक शौचालयी मे साफ-सफाई का प्रबंध सहित लोगों में जागरूकता तथा तोड़फोड़ एवं चोरी करने वालों पर सख्ती हो । घरो से निकलने वाले गीले कचरे को यथा संभव घर पर ही कंपोस्टिंग खाद बनाने प्रेरित किया जाए एवं उसका उपयोग घर के बागवानी के लिए किया जाय। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी समेत समस्त विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### अजय गुप्ता की 13 ईबुक हिंदी में हुई प्रकाशित



**भिलाई, 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चर्म व गुप्त रोग के डॉक्टर अजय गुप्ता की 13 ईबुक मुँहासे एक्ने, पिंपल विगत दिनों हिंदी में प्रकाशित हुई इस रंगीन पुस्तक को गूगल मे जा कर डॉ गुप्ता की वेबसाइट में जा कर नि:शुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। मुँहासे का अंग्रेजी संस्करण पहले ही प्रकाशित हो चुका है इस पुस्तक मैं मुँहासे क्या है ,क्यों होते है ,इसके कितने प्रकार होते है ,कितने श्रेणी के होते है ,इनके रंगीन चित्र दिये गये है । मुँहासे का इलाज कितने प्रकार का होता है । मुँहासो के दाग कितने प्रकार के होते है व उनका इलाज कैसे किया जाता है माइक्रो डर्म एब्रेटर क्या है आईपीएल व ऐन डी याग लेज़र क्या है ये भी बताया गया है ।

डॉ अजय गुप्ता की अन्य प्राकाशित ईबुक है, खूबसूरत कैसे बने, चर्म रोग व सौंदर्य समस्याएं, एड्स क्यों और कैसे, सोच हटके जीयो डटके आदि डॉ गुप्ता ने अनुरोध किया है की पुस्तक को डाउनलोड करके अपने साथियों तक पहुचाये। ताकि उनका जनजागरण का उदेस्य सफल हो । पुस्तक के प्रकाशन पर कई डॉक्टरों व सामाजिक संस्थाओं ने बधाई दी है।

### जेएलएन अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में नये फंडस कैमरे का उद्घाटन

**भिलाई, 29 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के नेत्र रोग विभाग में दिनांक 27 अप्रैल 2023 को औपचारिक रूप से आयोजित समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविंद्रनाथ द्वारा फंडस कैमरा मशीन का उद्घाटन किया गया। नेत्र रोग विभाग में स्थापित नई मशीन फ्फंडस कैमराफ्र (एचई स्पेक्ट्रालिस एचआरए), मरीजों की आँख का पर्दा देखने के उपयोग में आती है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव पाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयश्री प्रधान एवं नेत्र रोग विभाग विभागप्रमुख, डॉ एस के कछवाहा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रुचिर भटनागर सहित डिप्टी सीएमओ डॉ अशोक कुमार, चीफ कंसल्टेंट डॉ चित्रा सुनोव, चीफ कंसल्टेंट डॉ दीपाली गुप्ता तथा वरिष्ठ चिकित्सकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेत्र विभाग की श्रीमती वंदना व्यास, श्रीमती नंदिता मुखर्जी, दुर्गेश, रामेश्वर तथा अमित ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



### बांधा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण



**भिलाई, 29 अप्रैल।** भिलाई-चरोदा निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी ने निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-31, देवबलोदा शिव मंदिर वार्ड में बांधा तालाब के चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया । इस दौरान निर्माण कार्य की जानकारी से निगम आयुक्त को वार्ड प्रभारी उप अभियंता मुकेश रात्रे ने अवगत कराया। देवबलोदा के बांधा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य की लागत 1.57 लाख रुपये है। जिससे तालाब के चारो तरफ पेवर ब्लाक लगाया जा रहा साथ ही शेड निर्माण भी किया जा रहा है। गौरतलब है कि जल संचय और जल बचाव के प्रति संवेदनशीलता रखने के निर्देश निगम महापौर निर्मल कोसरे एवं निगम आयुक्त के द्वारा अधिकारियों को प्रदान किये जा चुके है। जिसके फलस्वरूप निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख

## एक नजर

### रायपुर दक्षिण विधानसभा की प्रभारी बनी अर्चना राजू दुबे

**रायपुर 29 अप्रैल।** महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस Netta DÓSouza जी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रभारी सुनीता सहरावत जी की अनुमति से पूरे 90 विधानसभा के प्रभारी नियुक्त हुए जिसमे अर्चना राजू दुबे को नई जिम्मेदारी देते हुए रायपुर दक्षिण विधासभा का प्रभारी नियुक्त किया गया नई जिम्मेदारी देने पर अर्चना राजू दुबे ने राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम जी का आभार व्यक्त किया है।



### घर-घर, गांव-गांव हम सुनेंगे मन की बात: किरण वैष्णव

**छुरिया 29 अप्रैल।** जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व आमजनों से आगामी 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को अधिक से अधिक सुनने की अपील की है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि मैं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के बुथ क्रमांक 32 में उपस्थित होकर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात को कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ सुनुगी। मन की बात कार्यक्रम का यह 100 वां एपिसोड है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मन की बात का ये अनुभव देशवासियों से इस तरह का भावनात्मक जुड़ाव केवल रेडियो से ही संभव था।मैं इसके जरिए देश वासियों के सामर्थ्य से जुड़ा रहा हूं,देश की सामूहिक कर्तव्य शक्ति से जुड़ा रहा हूं। श्रीमती वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुनकर नई नई जानकारी व अनुभव मिलती है।अबकी बार मन की बात पर 100 रूपये का स्पेशल सिक्का भी जारी किया जायेगा।जिस पर मन की बात 100 अंकित होगा।मैं आप सभी कार्यकर्ताओं व खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील करती हूं कि आप सभी 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को जरूर सुने एवं इस ऐतिहासिक पल का साक्षी अवश्य बने।

### एयरटेल 5जी प्लस अब देश के 3000 शहरों और कस्बों में उपलब्ध

**रायपुर 29 अप्रैल।** भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा करते हुए कहा है कि हमारी अल्ट्रा-फास्ट 5जी सेवा अब देश के 3000 शहरों और कस्बों में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। कंपनी की सेवाएं जम्मू के कटरा से लेकर केरल के कुनूर तक, बिहार के पटना से तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक, अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर से केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव तक मौजूद है। साथ ही देश के सभी प्रमुख शहरी और ग्रामीण हिस्सों में एयरटेल 5जी प्लस सेवा की असीमित पहुंच है।

### जी का जंजाल बने ट्रांसफार्मर को हटाया जाए: आहूजा

**रायपुर 29 अप्रैल।** नहरपारा के नागरिकों ने मुस्कान प्रोविजन वाले के घर के सामने से बिजली ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग की है। इस संबंध में दो माह पूर्व मोहल्लावासियों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया जा चुका है। पूर्व पार्षद व जोन अध्यक्ष तथा नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने बताया है कि इस ट्रांसफार्मर मं कई बार आग लग चुकी है। इससे जान-माल का हमेशा खतरा बना रहता है। ट्रांसफार्मर में घेरा भी नहीं किया गया है। आवेदन एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर का चक्कर लगाने के बाद लालफीताशाही की भेंट चढ़ गया है। आहूजा ने कहा है कि इसे तत्काल हटाया जाना चाहिए। किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करना ठीक नहीं है। ट्रांसफार्मर तत्काल नहीं हटाया गया तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



### मधुसूदन दास की जयंती मनाई गई

**रायपुर 29 अप्रैल।** उत्कल विकास मंच एवं मधुसूदन दास फाउण्डेशन द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्कल गौरव मधुसूदन दास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर ललीय एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, क्रेडा के पूर्व अध्यक्ष पुरन्दर मिश्रा, विधायक कुलदीप जुनेजा, सुशील सन्नी अग्रवाल अध्यक्ष छ.ग. कर्मकार मण्डल, पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी, मोहन वाल्यानी, सुंदर जोगी पार्षद, पार्षद नीलम नीलकंठ जगत, किशोर महानंद, उत्कल नेता आनंद ताण्डिया, पूर्व पार्षद गोपाल सोना, अध्यक्ष दानीराम नायक, कार्यवाहक अध्यक्ष गोपाल बाघ, सचिव सत्यानंद ताण्डी, बबलू बाघ, नवीन नायक, राजाराम बाघ, मधुसूदन दास फाउण्डेशन अध्यक्ष युवा विंग सदाशिव सोना, संतोष हियाल, वेणू चौहान, कमल हरपाल, प्रकाश पगारिया, नवीन चंद्राकर, कमलेश नथवानी उपस्थित थे।

# भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को किया चेक और सामग्रियों का वितरण

**रायपुर, 29 अप्रैल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज कुरूद विधानसभा के सेमरा बी. में भेंट-मुलाकात के दौरान हितग्राहियों को प्रतीकात्मक तौर पर सामग्री और चेक का वितरण किया। इनमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत पांच हितग्राहियों को सामग्री वितरण, आदिम जाति कल्याण विभाग की ओर से विशेष पिछड़ी जनजाति के 15 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र, अनुकम्पा नियुक्ति के एक हितग्राही को नियुक्ति पत्र और वनग्राम से राजस्व ग्राम अभिलेख अद्यतन के तहत पांच हितग्राहियों को ऑनलाइन अधिकार अभिलेख राजस्व विभाग की ओर से प्रदाय किया गया। जनपद पंचायत कुरूद की ओर से पांच नगर पंचायत कुरूद के 24 और नगर पंचायत भखारा के 38 हितग्राहियों को



बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत स्वीकृति आदेश पत्र का वितरण किया गया। श्रम विभाग की ओर से 188 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 32 लाख 74 हजार रूपये का चेक वितरित किया गया। इनमें मिनीमाता महतारी जतन योजना के 60 हितग्राहियों को 12 लाख रूपये का चेक, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत एक हितग्राही को एक लाख रूपये का चेक, मुख्यमंत्री नोनीर सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 81 हितग्राहियों को 16 लाख 20 हजार रूपये का चेक और मेधावी छात्र/छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 46 हितग्राहियों को तीन लाख 54 हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री के हाथों प्रदाय किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से छ.ग. महिला कोष की ऋण योजना के तहत चार हितग्राहियों को चार लाख रूपये और सक्षम योजना के तहत एक हितग्राही को एक लाख रूपये का चेक वितरित किया गया। पशुधन विकास विभाग की ओर से राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत 10 हितग्राहियों को 6 लाख 65 हजार रूपये का चेक वितरित किया गया। इसी तरह मछलीपालन विभाग की ओर से फुटकर मत्स्य विक्रय योजना के तहत 10 हितग्राहियों को कुल एक लाख रूपये का सामग्री वितरित की गई।




रायपुर 29 अप्रैल। पुणे में 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2023 तक संपन्न 6वे विश्व कप चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग की विजेता केन्या की टीम के साथ अन्तर्राष्ट्रीय खेल कमेंटेटर जसवंत क्लॉडियस।

# नगर अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 10 दिनों बाद भी प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई, नाराज पार्षदों ने खोला मोर्चा

- नगर उपाध्यक्ष लापता नाटकीय मोड़ पर छुरिया नगर पंचायत
- ज्ञापन देकर पार्षदों ने कहा 3 दिन के अंदर जारी हो चुनाव की अधिसूचना, नहीं तो होगा आंदोलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगाव 29 अप्रैल।** जिला अंतर्गत खुज्जी विधानसाभ क्षेत्र के नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष राजकुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 10 दिनों बाद भी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं होने से नाराज पार्षदों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन अनुसार पार्षदो ने कहा है कि, दिनांक 18/04/2023 को जिला कार्यालय राजनांदगांव पहुच कर नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा के तानाशाही क्रियाकलापो एवं भ्रष्टाचार से तंग आकर सभी 11 पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आहूत किए जाने हेतु निवेदन किया गया था, परन्तु 10 दिन बीत जाने के पश्चात् भी आज पर्यन्त अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। जिससे पार्षदो को लगता है कि कही न कही सरकार में बैठे नेताओं के दबाव में चुनाव हेतु अधिसूचना जारी नहीं किया जा रहा है। चुनाव की अधिसूचना में लेट लतीफी होने के चलते अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा द्वारा पार्षदों के घरों में पहुच कर प्रलोभन दे रही है नौकरी का लालच दे रही हैं, इसके अलावा ये भी कह रही है हम सत्ता सरकार में है, बात नहीं मानोगे तो अंजाम बुरा होगा, जिसके चलते अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पार्षदों में भय निर्मित है, पार्षदों को डर है कही किसी मामले में उन्हें फसा कर प्रताड़ित करने का प्रयास किया जा सकता है, अध्यक्ष के बातो से 2 पार्षद मनोज यादव और मोनू कुंजाम इतने भयभीत है कि मनोज यादव जो की नगर पंचायत उपाध्यक्ष है वो छुरिया से कही चले गए हैं, और कहा है उनके साथ कुछ भी होता है तो इसके जिम्मेदार शासन प्रशासन एवं अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा की होगी। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पार्षदो ने कलेक्टर से विनम्रता पूर्वक निवेदन किया हैं कि सभी 11 पार्षदों की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए 3 दिनों के भीतर अविश्वास प्रस्ताव पर चुनाव कराने हेतु अधिसूचना जारी करे। अन्यथा अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सभी पार्षद व्यपारी संघ के सहयोग एवं साथ में अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठ जाने की बात कही है, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन पर छोड़ा है। ज्ञापन देने वाले पार्षदों में पार्षद सलमान खान, पार्षद सीमा सिन्हा, पार्षद भारती रजक, पार्षद त्रिवेणी कुंभकार, पार्षद योगेश्वर पटेल, पार्षद द्रोपति उइके, पार्षद भूषण नेताम, राधेश्याम ठाकुर, इनके अलावा व्यापारी संघ के अध्यक्ष संतोष कुंभकार, सदस्य नीलकंठ ठाकुर, सदस्य बलराम निषाद, सदस्य तुकाराम कुंजाम, भी उपस्थित रहे।



### 11 महीनों से फरार चल रहे पशु तस्कर को डोंगरगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 29 अप्रैल।** 17 मई 2022 को सूचना प्राप्त हुआ कि, जवाहरलाल नेहरू कालेज डोगरगढ़ के सामने मेन रोड पर पीकप वाहन क्रमांक एम.एच. 40 ए.के. 4635 खडा है वाहन में भारी मात्र में मवेशी भरा हुआ है। सूचना पर तत्काल पुलिस पार्टी रवाना कर सूचना की तस्दीक की गयी। वाहन में कुल 13 नग मवेशी भरा मिला वाहन चालक द्वारा गाडी खराब होने से गाडी छोड़ कर फरार हो गये है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 389/2022 धारा 4,6,10 छ.ग. कृषक पशु परि अधि.2004 एवं 11 पशु कुरता निवारण अधि. 1960 कायम कर विवेचना मे लिया गया। जप्त शुदा मवेशी को सुरक्षार्थ गौशाला डोगरगढ़ में रखा गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले के मार्गदर्शन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री प्रभात पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोगरगढ़ एमन कुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर लगातार फरार चल रहे आरोपी की पता साजी की जा रही थी । पता साजी के दौरान अज्ञात आरोपी वाहन क्रमांक एम.एच. 40 ए.के. 4635 के मालिक का नाम पता आर.टी.ओ.कार्यालय नागपुर से प्राप्त कर सकूनत पर पहुचकर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। थाना लाकर पूछताछ करने पर गाडी खराब होने से मवेशी भरे पीकप को छोडकर फरार हो जाना बताये है व गाडी का दस्तावेज पेश किये है।



### ऑडी इंडिया ने रायपुर में नई 3 एस सुविधा का शुभारंभ किया

**रायपुर 29 अप्रैल।** लक्जरी कार बनाने वाली जर्मनीक की कंपनी ऑडी ने आज रायपुर में एक नई 3एस सुविधा का उद्घाटन किया है। रिंग रोड नंबर 1, सरोना में स्थित यह नई अत्याधुनिक सुविधा नई कारों की बिक्री, एक वर्कशॉप सुविधा और ऑडी अप्रूव्ड् प्लस को एक छत के नीचे लेकर आई है। उद्घाटन में बात करते हुए, ऑडी इंडिया के प्रमुख श्री बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा, छत्तीसगढ़ में लक्जरी और प्री-ओन्ड कारों के लिये बड़ी संभावना और चाहत है। हम रायपुर में नई 3एस सुविधा का उद्घाटन कर खुश हैं, जोकि इस क्षेत्र और आस-पास के इलाकों को सेवा देगी। ऑडी इंडिया तरक्की के रास्ते पर है और हम बाजार की मांग के अनुसार विस्तार करते रहेंगे। 30000 वर्गफीट और चार फ्लोर्स में फैली इस नई 3एस सुविधा के पास दस कारों का डिस्प्ले और फाइव-बे वर्कशॉप है। नई 3एस सुविधा एक ई-ट्रॉन डीलरशिप भी है, जहाँ 22केडब्ल्यू का एक इलेक्ट्रिक कार चार्जर है। यहाँ ऑडी अप्रूव्ड् प्लस कारों का डिस्प्ले भी होगा। ऑडी अप्रूव्ड् प्लस में दिखाया और बेचा जाने वाला हर प्री-ओन्ड वाहन 300 से ज्यादा मल्टी-पॉइंट परीक्षणों, पूरे मल्टी-लेवल गुणवत्ता परीक्षणों और एक फुल ऑन-रोड टेस्ट के साथ मेकैनिकल, बॉडीवर्क, इंटीरियर और इलेक्ट्रिकल जाँचों से गुजरता है, ताकि कार खरीदते समय ग्राहक मानसिक रूप से संतुष्ट रहे। ऑडी अप्रूव्ड् प्लस प्रोग्राम के तहत ऑडी इंडिया खरीदी से पहले 24×7 रोडसाइड असिस्टेन्स और व्हीकल की पूरी हिस्ट्री की पेशकश करती है। इसके अलावा, इस प्रोग्राम के माध्यम से ग्राहक फाइनेंसिंग और बीमा के फायदे आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। ऑडी रायपुर के डीलर प्रिंसिपल श्री प्रशांत केशरवानी ने कहा, रायपुर शहर लक्जरी की आकांक्षाओं से भरा हुआ है और यहाँ ऑडी ब्राण्ड के कई प्रशंसक हैं। हम इस नई 3एस सुविधा के जरिये ऑडी इंडिया के साथ अपनी भागीदारी को आगे बढ़ाते हुए खुश हैं। हम सबसे बढ़िया लक्जरी के लिये होंगे और अपने ग्राहकों के स्वागत की आशा करते हैं। ऑडी इंडिया ने हाल ही में 2023 की पहली तिमाही के लिये अपने खुदरा आंकड़े घोषित किये हैं। चार गोलों वाले इस ब्राण्ड ने जनवरी से लेकर मार्च तक की अवधि में 1950 यूनिट्स बेची हैं और पिछली तिमाही की तुलना में 126त्न की वृद्धि दर्ज की है।



### रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्र का विस्तार

**रायपुर 29 अप्रैल।** न्युवोको विस्तास कार्पोरेशन लिमिटेड उत्पादन क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक है, जिसने आज तमिलनाडु के कोयम्बटूर में अपने नए रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्र के शुभारंभ की घोषणा की। 60 क्यूबिक मीटर प्रति घंटे की क्षमता वाला यह संयंत्र इस क्षेत्र में सबसे बेहतर गुणवत्ता वाले कंक्रीट का भरोसेमंद स्त्रोत होगा, जो भवन-निर्माण परियोजनाओं के लिए आवश्यक सामग्री की जरूरत को पूरा करेगा। यह भवन-निर्माण परियोजनाओं की कार्य-क्षमता को बेहतर बनाने, लागत को कम करने और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभाएगा। कोयम्बटूर का यह नया संयंत्र, चेन्नई के बाद तमिलनाडु में न्युवोको की दूसरी ऋरूङ्क इकाई है, और दक्षिण भारत में अपनी मौजूदगी को बढ़ाने के लिए कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। यह संयंत्र अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस है, जो यहाँ तैयार किए जाने वाले कंक्रीट की बेहतरीन गुणवत्ता और स्थिरता के साथ-साथ तेजी से वितरण सुनिश्चित करता है, जो दक्षिण भारत के बाजार में तेजी से विकसित हो रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए समय की मांग है।




# चौथिया लेकर जा रही कंडम बस की स्टेयरिंग जाम, खेत में पलटी बस,चालीस लोग घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 29 अप्रैल।** अंबागढ़ चौकी ब्लाक के ग्राम विचारपुर मे शादी समारोह में शामिल होने जा रहे टेमरे परिवार में आफत आ गई, महिला और बच्चों को लेकर बालोद जिले के डौंडीलोहारा क्षेत्र के कुरेटा गांव के लिए निकली चौथिया बस हादसे का शिकार हो गई है, डोंगरगांव थाना क्षेत्र के मरकाकसा रोड़ पर बस पलट गई, आनन-फानन में 40 घायल महिला व बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी में भर्ती किया गया है जहां सभी का इलाज किया गया, है खंड चिकित्सा अधिकारीडॉ श्री धुर्वे ने बताया कि 13 बच्चे तथा 27 महिलाओं का इलाज इस समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल किया गया है वही तीन गंभीर महिलाओं को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम विचारपुर से आज दोपहर 2ञ् बजे के लगभग गांव के टेमरे परिवार के परमेश्वर टेमरे की पुत्री का विवाह रस्म को लेकर चौथिया बस डौंडीलोहारा के ग्राम उरेटा के लिए रवानाहुई थी अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र से 20 किलोमीटर दूर ग्राम मरकाकसा के करीब डोंगरगांव थाना क्षेत्र में ड्राइवर की लापरवाही से बस पलट गई चौथिया बस में सर्वाधिक महिला व बच्चे बैठे हुए थे जो बुरी तरीके से घायल हुए हैं, वही तीन गंभीर महिलाओं को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के लिए रिफर किया गया है। बताया गया कि विचारपुर से मेटेपार अंबागढ़ चौकी निवासी कृष्णा ट्रैवल्स की बस से चौथिया रवाना हुई थी जिसके संबंध में जानकारी दी गई कि बस 15 साल से भी ऊपर पुरानी कडंम बस है जिसमे ड्राइवर की लापरवाही से सड़क छोड़कर बस कई फीट नीचे गड्ढे में हादसा ग्रस्त हुई है। वही क्षेत्र में कंडम बसों की परमिट पर चर्चाएं हो रही है कि शादी के सीजन में कंडम बसों वह मालवाहकों से दुर्घटनाएं होती है जिस पर कोई नकेल नही कसी जाती। लगभग 3 बजे चौथिया बस पलट जाने के बाद घायल महिला और बच्चों को कोहराम के बीच अन्य बस व गाड़ियों से आनन-फानन में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी लाया गया जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ व पूरे स्टाफ के साथ साथ अंबागढ़ चौकी एसडीओपी अर्जुन कुर्रे थाना प्रभारी बृजेश सिन्हा घायलों को समुचित व्यवस्था देने में लगे रहे।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि हादसे की शिकार हुई बस में सवार 13 बच्चे तथा 27 महिला घायल हुए हैं घायलों में केजोबाई ,सुंदरी बाई तथा मीराबाई गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें मेडिकल कॉलेज राजनंदगांव के लिए रिफर किया गया है। तीन महिला गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है इसके साथ ही बाकी घायलों का समुचित व्यवस्था के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया जा रहा है।

**बीएमओ डॉ आर आर धुर्वे**
**अंबागढ़ चौकी**



### अभिषेक कुमार गुप्ता ने निगम आयुक्त का कार्यभार ग्रहण किया

**राजनांदगांव 29 अप्रैल।** नगर पालिक निगम के नवागत आयुक्त श्री अभिषेक कुमार गुप्ता ने आज अपरान्ह में कार्यभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग,महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रं. बी-1-1/2023/एक/4 रायपुर दिनांक 25 अप्रैल 2023 द्वारा श्री श्री अभिषेक कुमार गुप्ता (राप्रसे आर.आर.-2014) संयुक्त कलेक्टर को आयुक्त,नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पद पर प्रतिनियुक्ति पर आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में श्री गुप्ता ने आज अपरान्ह 4 बजे नगर निगम कार्यालय पहुंच कर आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी से कार्यभार ग्रहण किया एवं नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख से सौजन्य भेट किये। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि पारिवारिक माहोल में मिलजूल कर राजनांदगांव के विकास के लिये कार्य करना है।

### केसीजी में सशक्त होगी कांग्रेस की आवाज: रुपेश

**राजनांदगांव 29 अप्रैल।** वक्ता चयन अभियान के तहत छुईखदान पहुंचे अभियान के प्रभारी व जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के मुख्य प्रवक्ता रूपेश दुबे ने अभियान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कांग्रेस का वक्ता चयन का यह अभियान पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा और चुने हुए वक्तागण कांग्रेस पार्टी की नई सशक्त आवाज बनेंगे, मोदी सरकार के झूठ को बेनक़ाब करने देशहित में कांग्रेस के वक्ताओं की आवश्यकता और प्रासंगिकता आने वाले समय में नजर आएगी और नवीन जिला केसीजी में कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूत बनेगी. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी ने भावी वक्ताओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अभियान की आवश्यकता पर अपने विचार रखें और बताया कि किस तरह झूठ व गलत जानकारी फैलाकर भाजपा अपनी राजनीति चमकाना चाहती है. कोठारी ने बताया कि प्रारंभ से ही सच के साथ खड़ी रही है झूठ बोलकर राजनीति करना कांग्रेसियों के खून में नहीं है. विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि वक्ता चैन अभियान से पार्टी निसंदेह मजबूत होगी उन्होंने सोशल मीडिया पर गलत व भ्रामक जानकारी से बचने की भी सलाह दी. क्षेत्र के वरिष्ठ वक्ता पंडित मिहिर झा ने अपने चिर परिचित अंदाज में वक्ताओं को प्रोत्साहित किया. वक्ता चयन अभियान का संचालन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनुराग शाँति तुरे ने वक्ता चयन अभियान को न केवल कांग्रेस पार्टी के हित में बल्कि देश इतने भी जरूरी बताया. वक्ता चयन के इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी मोतीलाल जंघेल, पूर्व विधायक गिरिवर जंघेल, राजगामी संपदा न्यास के सदस्य मिहिर झा, खैरागढ़ मंडी अध्यक्ष दशमत उत्तम जंघेल, छुईखदान ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, खैरागढ़ शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, गंडई ब्लॉक अध्यक्ष रमेश साहू, मुदीपार ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, कांग्रेस नेता गुलाब चोपड़ा, अशोक जंघेल, प्रकाश महोबिया, विजय वर्मा, सज्जाक खान, संजीव दुबे, विधायक प्रतिनिधि कपिनाथ महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, भुनेश्वर साहू, कैलाश वर्मा, ओम उपाध्याय, अशोक वर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी, ललित महोबिया, प्रमोद ठाकुर, देवराज किशोर वैष्णव, लाल रोहित पुलस्य, राधामोहन दास, इमरान खान, ममता साहू, आरती रिंकू महोबिया, हेमकल्याणी तोड़े, मयूरी सिंह, हबीब खान, कुम्हलाल सिन्हा, देवकांत यदु, राजेश चौबे, सरजू वर्मा, चंद्रभूषण यदु, नीरज महोबिया, नजरूत्दीन खान, लिखन वर्मा, कमलेश यादव, शुभम चंद्राकर सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# प्राथमिक शाला खर्रा में चलाया गया 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम

**अंवरी 29 अप्रैल।** संकुल केंद्र दर्रा के ग्राम खर्रा के प्राथमिक शाला में तीसरे वर्ष का अंगना म शिक्षा कार्यक्रम चलाकर पढ़ाई तिहार के रूप में मनाया गया। जिसमे संकुल केंद्रो की माताओं को आमंत्रित कर बुलाया गया था। अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि रूप में देवेश सूर्यवंशी डीपीसी धमतरी उपस्थित हुए थे। साथ ही विशिष्ठ अतिथियों में नंदकिशोर साहू एपीसी धमतरी, राजेश पांडे बीआरसी कुरूद, प्रीति शांडिल्य नोडल अधिकारी अंगना म शिक्षा धमतरी, शिप्रा कन्नौजे मास्टर ट्रेनर्स कुरूद, कौसर जान मास्टर ट्रेनर्स कुरूद, सुश्री श्रुति अजीम प्रेमजी फाउंडेशन कुरूद, हेमलाल यादव अध्यक्ष प्रबंध समिति प्राशा खर्रा, देवेंद्र साहू अध्यक्ष नवीन प्राशा दर्रा, उदय साहू, नरेंद्र ध्रुवंशी शिक्षाविद्, डोमार सिंह सोनबेर, मिडिल स्कूल खर्रा रमेश साहू प्रधानपाठक दर्रा मंच में उपस्थित रहे।

मनोज कुमार साहू संकुल समन्वयक दर्रा का कहना है कि शिक्षकगण दिन में 6 घंटे बच्चों को अध्ययन अध्यापन कराते हैं इसी पर अगर माता पिता बच्चों को 2 घंटे उनकी पढ़ाई का रिवीजन कराए तो शिक्षा का गुणवत्ता बढ़ जायेगा और बच्चे पढ़ाई में रुचि लेने में सफल होंगे। इसे ही अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताया गया है। मुख्य अतिथि देवेश सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक एवम माता पिता एक पुल के समान हैं दोनो में अगर सामंजस्य स्थापित होता है तो बच्चे की पढ़ाई का स्तर आगे बढ़ सकता है क्योंकि सुबह शिक्षकों की पढ़ाई और शाम को माता पिता पढ़ाई में सहयोग से तो छात्र छात्राओं को उच्च कोटि के शिक्षा प्राप्त करने में मददगार साबित हो सकता है और शिक्षा का स्तर ऊपर उठ सकता है । माता पिता द्वारा बच्चे पर निगरानी में कमी से वह पढ़ाई से भटक गए हैं ऐसे अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में माता पिता को बढ़ चढ़ कर आगे आना चाहिए। जिससे की इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्ण हो सके। संकुल केंद्र के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमे बच्चों ने बारहमासी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं उपस्थित माताओं, शिक्षकों, अतिथियों ने उनकी प्रस्तुति की खूब सराहना की। पश्चात अतिथियों द्वारा 25 स्मार्ट माताओं का श्रीफल गुलदस्ता से सम्मान किया गया।

# आपसी रंजिश पर रॉड से हमला, मौत, आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 28 अप्रैल।** अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम पांगरी मैं हूए पुराने विवाद के चलते हुए मारपीट मे युवक की मौत को पुलिस ने सुलझा लिया है,विवाद के दौरान शिलेश्वर मंडावी निवासी केसरीटोला की हत्या ग्राम पांगरी निवासी धनऊ सिन्हा पिता सुंदर सिन्हा उम्र 27 साल ग्राम पांगरी थाना अंबागढ़ चौकी के द्वारा पुराने विवाद के चलते पांगरी बस्ती के पहले घात लगाकर बैठा था जो मृतक शिलेश्वर मंडावी पिता लव कुश मंडावी उमर 22 साल निवासी केसरीटोला के आने का इंतजार कर रहा था जो शिलेश्वर मंडावी अपनी दादी के साथ वापस अपने गांव आ रहा था को रुकवा कर



मोटर साइकिल के शॉकब से हाथ पैर सिर चेहरे पर मारपीट किया था जिसे लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गया जिसे डायल 112 से इलाज के लिए अंबागढ़ चौकी शासकीय अस्पताल लेकर गए थे, जहां प्राथमिक इलाज के बाद राजनांदगांव रिफर किया किया गया था । आरोपी धनऊ सिन्हा पिता सुंदर सिन्हा उम्र 27 साल साकिन पांगरी द्वारा मृतक शिलेश्वर मंडावी को अपने साथ रखें लोहे की रॉड से मारपीट कर अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगा कि प्रार्थीया रतनी बाई मंडावी पति स्वर्गीय सुखराम मंडावी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जो आहत जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया जिसकी मौत की सूचना थाना लालबाग से मर्ग क्रमांक 00/2023 धारा 174 जाफौ मिलने पर थाना अंबागढ़ चौकी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर हत्या के फरार आरोपी धनऊ सिन्हा की पता तलाश किया गया जिसे पुलिस द्वारा आरोपी को उसके घर ग्राम पांगरी जहां छुप कर बैठा था । आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना आए जिसका गवाहों के समक्ष मेमोरेंडम कथन लिया गया जिसने बताया कि पुराने विवाद के चलते शिलेश्वर मंडावी को रुकवा कर उसके साथ मोटर साइकिल के शॉकब राड से शिलेश्वर मंडावी के सिर में प्राणघातक हमला करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से घर में रखे साकप राड को बरामद कर कब्जे में लिया गया तथा आरोपी धनाऊ सिन्हा पिता सुंदर सिन्ह उम्र 27 साल निवासी ग्राम पांगरी थाना अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

संपादकीय

## बादल का न होना

प्रकाश सिंह बादल की अंतिम विदाई भारतीय राजनीति के एक समृद्ध क्षेत्रीय अध्याय का समापन है। वह पिछले 75 वर्ष से राजनीति में सक्रिय थे। देश के आजाद होने के साथ ही महज बीस की उम्र में गांव की राजनीति से शुरू हुआ उनका सफर सरपंच पद से होते हुए राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचा। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि भारतीय राजनीति ने अपना सबसे पुराना कद्दावर क्षत्रप गंवा दिया है। विगत पांच दशक के समय में जब भी देश के श्रेष्ठ क्षेत्रीय नेताओं की सूची बनती थी, तब उसमें प्रकाश सिंह बादल का नाम बहुत सम्मान और महत्व के साथ शुमार किया जाता था। वह साल 1957 में पहली बार विधायक और महज 43 की उम्र में पंजाब के मुख्यमंत्री बन गए थे। वह तब सिख राजनीति ही नहीं, बल्कि देश के तमाम युवा नेताओं के लिए भी एक मिसाल थे। जनसंघ के साथ मिलकर उन्होंने अकाली दल की सरकार का नेतृत्व किया था, लेकिन उन्होंने पंजाबियत से कभी समझौता नहीं किया। अपनी सरकार को महज 14 महीने बाद ही गिर जाने दिया। इससे उनका कद बढ़ता चला गया और बाद में पंजाब ने उन्हें चार बार मुख्यमंत्री बनाया। तीन बार उन्होंने सफलतापूर्वक अपना कार्यकाल पूरा कर अपनी योग्यता को बखूबी साबित किया।

जब प्रकाश सिंह बादल 95 की उम्र में दुनिया से रुखसत हो गए हैं, तब उनके महत्व और योगदान को परखने की जरूरत बहुत बढ़ गई है। पंजाब की राजनीति में वह हमेशा एक लोकतांत्रिक धुरी बने रहे। घोर आतंकवाद के दौर में भी लोकतंत्र और मिलकर चलने पर उनके विश्वास ने हार नहीं मानी। पंथ की राजनीति के निकट होने के बावजूद वह अलगाववाद या किसी भी प्रकार की पंथीय संकीर्णता के पैरोकार कभी न हुए। संकट के समय में क्षेत्रीयता से ऊपर उठकर हमेशा संघीय या राष्ट्रीय राजनीति के साथ जुड़े रहे। यही कारण है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी आवाज हमेशा सुनी गई। उनका महत्व बहुत था, किंतु अनावश्यक विवाद या बड़बोलापन उनमें कभी नहीं आया, इसका लाभ यह हुआ कि उनकी वजह से पंजाब या भारत की राजनीति में कभी भी किसी प्रकार की नकारात्मकता का संचार नहीं हुआ। आज जब हम अनेक छोटे-बड़े क्षत्रपों को राष्ट्रीय स्तर पर दिखने भर के लिए खूब हाथ-पैर मारते देखते हैं, तब अनायास प्रकाश सिंह बादल की याद उभर आती है। अकाली राजनीति के निर्विवाद रक्षक रहते हुए भी कभी उन्होंने सांप्रदायिकता की राजनीति का मौका नहीं आने दिया।

आज जब वह नहीं हैं, तब उन्हें याद करने और श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों का तांता लग गया है। देश में अनेक क्षत्रप हैं, जो अपने राज्य से जब भी निकलते हैं, किसी न किसी को दुश्मन बनाकर लौटते हैं, पर प्रकाश सिंह बादल की यह खूबी थी कि उनके दोस्त हर पार्टी में रहे। इसका एक लाभ यह भी हुआ कि पंजाब की राजनीति ने कभी भी अपना स्तर नहीं खोया। एक दौर आया, जब समय बदल गया, वह भी कुछ थक गए, साल भर पहले उन्हें एक आम आदमी ने चुनाव मैदान में पराजित कर दिया। उस विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी बहुत सिमट गई, पर उन्हें या उनकी पार्टी को हमने कभी आपा खोते नहीं देखा। उनका परिवार भी राजनीति में सक्रिय है, पर मर्यादा पूरी तरह बरकरार है और उनकी पार्टी शिरोमणि अकाली दल के लिए अब एक नए युग की शुरुआत होगी। कोई शक नहीं कि प्रकाश सिंह बादल के गुणों को साथ लेकर चलना पंजाब और देश के काम आएगा।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा। कारोबार से लाभ होगा। आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। दैनिक रोजगार नियमित रहेगा। मित्र से मिलाप होगा। स्वास्थ्य सुधार होगा। सुखद समाचार मिलेंगे।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी , वु , वे, वो)-**आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग मिलेगा। संतान द्वारा सहयोग मिलेगा। प्रतियोगिता में विजय होगी। शत्रु परास्त होंगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)-**आज आपका दिन सामान्य रहेगा । परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धन में कठिनाई आयेगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। निर्माण में प्रगति होगी। भौतिक सुखों पर धन खर्च होगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)-**शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। साझेदारी से लाभ होगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)-**आज आपका दिन मनोनूकुल रहेगा। कुटुंबजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। संतान का सहयोग मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। राजकाज में सफलता मिलेगी।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)-**आज आपका दिन सामान्य रहेगा। धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी। कार्यों में प्रगति होगी। धन का लाभ मिलेगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)-**आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा।धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। कुछ घरेलू समस्या आयेगी। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)-**आज आपका दिन अनूकूल रहेगा। कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होंगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। कुछ परिवार की समस्या रहेगी। प्रतिष्ठा का लाभ होगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)-**आज आपका दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार हो सकता है। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। हल्की परिवारिक समस्याएं चलती रहेंगी। राजकाज में संघर्ष होगा। मान-सम्मान का ध्यान रखें। आराम करें।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)-**आज सितारे कम अनुकूल हैं। गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। खान पान का ध्यान रखें अन्यथा उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रह सकता है। दैनिक कार्य में हल्की बाधाएं आयेंगी। ज्यादा सोचने से मानसिक अशांति रहेगी। राजकाज में विलम्ब होगा। निर्माण में प्रगति होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)-**आज आपका दिन लगभग सही रहेगा। व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)-**आज आपका दिन बढिया रहेगा। धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। हल्की घरेलू समस्याएं आयेंगी। स्वास्थ्य लाभ होगा।

# पोषण का रामबाण है भारत का पशुधन

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस

**डॉ प्रियंका सौरभ**



पशुपालन का तात्पर्य पशुधन पालने और चयनात्मक प्रजनन से है। यह जानवरों का प्रबंधन और देखभाल है जिसमें लाभ के लिए जानवरों के अनुवांशिक गुणों और व्यवहार को और विकसित किया जाता है। भारत का पशुधन क्षेत्र दुनिया में सबसे बड़ा है। लगभग 20.5 मिलियन लोग अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। सभी ग्रामीण परिवारों के औसत 14त्न की तुलना में छोटे कृषि परिवारों की आय में पशुधन का योगदान 16त्न है। पशुधन दो-तिहाई ग्रामीण समुदाय को आजीविका प्रदान करता है। यह भारत में लगभग 8.8त्न आबादी को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत में विशाल पशुधन संसाधन हैं। पशुधन क्षेत्र 4.11त्न सकल घरेलू उत्पाद और कुल कृषि सकल घरेलू उत्पाद का 25.6त्न योगदान देता है। पशुधन आय ग्रामीण परिवारों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण माध्यमिक स्रोत बन गया है और किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पशुधन किसानों की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में किसान मिश्रित कृषि प्रणाली को बनाए रखते हैं यानी फसल और पशुधन का संयोजन जहां एक उद्यम का उत्पादन दूसरे उद्यम का इनपुट बन जाता है जिससे संसाधन दक्षता का एहसास होता है। पशुधन विभिन्न तरीकों से किसानों की सेवा करता है। पशुधन भारत में कई परिवारों के लिए सहायक आय का एक स्रोत है, विशेष रूप से संसाधन गरीब जो जानवरों के कुछ सिर रखते हैं। दूध की बिक्री के माध्यम से गायों और भैंसों को दूध देने से पशुपालकों को नियमित आय प्राप्त होगी। भेड़ और बकरी जैसे जानवर आपात स्थितियों जैसे विवाह, बीमार व्यक्तियों के इलाज, बच्चों की शिक्षा, घरों की मरम्मत आदि को पूरा करने के लिए आय के स्रोत के रूप में काम करते हैं। जानवर चलती बैंकों और संपत्ति के रूप में भी काम करते हैं जो मालिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हैं।

भारत में कम साक्षर और अकुशल होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन कृषि प्रकृति में मौसमी होने के कारण एक वर्ष में अधिकतम 180 दिनों के लिए रोजगार प्रदान कर सकती है। कम भूमि वाले लोग कम कृषि मौसम के दौरान अपने श्रम का उपयोग करने के लिए पशुओं पर निर्भर करते हैं। पशु उत्पाद जैसे दूध, मांस और अंडे पशुपालकों के सदस्यों के लिए पशु प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता लगभग 355 ग्राम/दिन है; अंडे 69/वर्ष है; जानवर समाज में अपनी स्थिति के संदर्भ में मालिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। परिवार विशेष रूप से भूमिहीन जिनके पास जानवर हैं, उनकी स्थिति उन लोगों की तुलना में बेहतर है जिनके पास पशु नहीं हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में शादियों के दौरान जानवरों को उपहार में देना एक बहुत ही सामान्य घटना है। पशुपालन भारतीय संस्कृति का अंग है। जानवरों का उपयोग विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए किया जाता है। गृह प्रवेश समारोहों के लिए गायें; उत्सव के मौसम में बलिदान के लिए मेढ़े, हिरन और चिकन; विभिन्न धार्मिक कार्यों के दौरान बैल और गायों की पूजा की जाती है। कई मालिक अपने जानवरों से लगाव विकसित करते हैं। पशुपालन लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। पशुधन उत्पादन में श्रम की तीन-चौथाई से अधिक मांग महिलाओं द्वारा पूरी की जाती है। पशुधन क्षेत्र में महिलाओं के रोजगार की हिस्सेदारी पंजाब और हरियाणा में लगभग 90त्न है जहां डेयरी एक प्रमुख गतिविधि है और जानवरों को स्टाल-फेड किया जाता है। बैल भारतीय कृषि की रीढ़ की हड्डी हैं। भारतीय कृषि कार्यों में यांत्रिक शक्ति के उपयोग में बहुत प्रगति के बावजूद, भारतीय किसान विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी विभिन्न कृषि कार्यों के लिए बैलों पर निर्भर हैं। बैल ईंधन पर काफी बचत कर रहे हैं जो यांत्रिक शक्ति जैसे ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर आदि का उपयोग करने के लिए एक आवश्यक इनपुट है। बैलों के अलावा देश के विभिन्न भागों में सामान ढोने के लिए ऊंट, घोड़े, गधे, खच्चर आदि जैसे पैक जानवरों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। पहाड़ी इलाकों जैसी स्थितियों में माल परिवहन के लिए खच्चर और टट्टू ही एकमात्र विकल्प के रूप में काम करते हैं। इसी तरह, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विभिन्न वस्तुओं के परिवहन के लिए सेना को इन जानवरों पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर का उपयोग कई उद्देश्यों के लिए किया जाता है जिसमें ईंधन (गोबर के उपले), उर्वरक (खेत यार्ड खाद), और प्लास्टरिंग सामग्री (गरीब आदमी की सीमेंट) शामिल हैं। कृषि पशुओं की उत्पादकता में सुधार करना प्रमुख चुनौतियों में से एक है। भारतीय मवेशियों की औसत वार्षिक दुग्ध उपज 1172 किलोग्राम है जो वैश्विक औसत का लगभग 50 प्रतिशत है। खुरपका और मुंहपका रोग, ब्लैक क्वार्टर संक्रमण जैसी बीमारियों का लगातार प्रकोप; इन्फ्लुएंजा, आदि पशुधन स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं और उत्पादकता को कम करते हैं। भारत में जुगाली करने वालों की विशाल आबादी ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में योगदान करती है। शमन और अनुकूलन रणनीतियों के माध्यम से ग्रीनहाउस गैसों को कम करना एक बड़ी चुनौती होगी।

विभिन्न प्रजातियों की आनुवंशिक क्षमता को बढ़ाने के लिए विदेशी स्टॉक के साथ स्वदेशी प्रजातियों का क्रॉसब्रीडिंग केवल एक सीमित सीमा तक ही सफल रहा है। कृत्रिम गर्भाधान के बाद खराब गर्भाधान दर के साथ मिलकर गुणवत्ता वाले जर्मप्लाज्म, बुनियादी ढांचे और तकनीकी जनशक्ति में कमी के कारण सीमित कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं प्रमुख बाधाएँ रही हैं। इस क्षेत्र को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर कुल सार्वजनिक व्यय का लगभग 12 प्रतिशत प्राप्त हुआ, जो कि कृषि सकल घरेलू उत्पाद में इसके योगदान की तुलना में अनुपातहीन रूप से कम है। वित्तीय संस्थानों द्वारा इस क्षेत्र की उपेक्षा की गई है। मांस उत्पादन और बाजार~ इसी तरह, वध सुविधाएं अपर्याप्त हैं। कुल मांस उत्पादन का लगभग आधा अपंजीकृत, अस्थायी बूचड़खानों से आता है। पशुधन उत्पादों के विपणन और लेनदेन की लागत बिक्री मूल्य का 15-20 प्रतिशत अधिक है। बढ़ती आबादी के साथ, खाद्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि, किसानों की आत्महत्या में दुर्भाग्यपूर्ण वृद्धि के बीच भारत की अधिकांश आबादी का प्राथमिक व्यवसाय कृषि है, पशुपालन का अभ्यास अब एक विकल्प नहीं है, बल्कि समकालीन परिदृश्य में एक आवश्यकता है। इसके सफल, टिकाऊ और कुशल कार्यान्वयन से हमारे समाज के निचले तबके की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पशुपालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि, शोध और पेटेंट से जोड़ने से भारत को दुनिया का पोषण शक्ति केंद्र बनाने की हर संभव क्षमता है। पशुपालन भारत के साथ-साथ विश्व के लिए अनिवार्य आशा, निश्चित इच्छा और अत्यावश्यक रामबाण है।

# निर्लज्ज राजनीति का विद्रूप चेहरा है आनंद मोहन की रिहाई

**मनोज कुमार अग्रवाल**



बिहार के एक दलित ईमानदार जिलाधिकारी की भीड़ को उकसाकर निर्मम हत्या कराने के मामले में आरोपित आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे दबंग बाहुबली राजनीतिक आनंद मोहन की समय पूर्व रिहाई की जा रही है इसके लिए बिहार सरकार ने बाकायदा जेल नियमावली में संशोधन पारित कर आनंद मोहन की समय पूर्व रिहाई की व्यवस्था बनायी है। यह देश की राजनीति में बाहुबली दबंगों अपराधियों के जातीय असर को अपने राजनीतिक लाभ के लिए भुनाने और इसके लिए तमाम नैतिकता व ईमानदारी के दावों को दाव पर लगाने वाली राजनीति का एक विद्रूप चेहरा है।

आप को बता दें कि बिहार में गोपालगंज के जिलाधिकारी जी कृष्णैया 5 दिसंबर 1994 को हाजीपुर से गोपालगंज लौट रहे थे।रास्ते में एक अपराधी छोटन शुक्ला के एनकाउंटर में मारे जाने से गुस्साए उसके समर्थन में लोग हिंसक प्रदर्शन व रास्ता जाम लगा रहे लोगों ने लालबत्ती की गाड़ी में सवार जिलाधिकारी गोपालगंज कृष्णा अय्यर को रोक लिया इस समय उनके साथ एक गनर व ड्राइवर था। इसी दौरान मुजफ्फरपुर में आनंद मोहन के समर्थक जिलाधिकारी की गाड़ी को देखते ही उन पर टूट पड़े। पहले उन्हें पीटा गया, फिर कनपटी पर तमंचा सटा कर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।उनका इकलौता गनर व ड्राइवर अपनी जान बचाने के लिए भीड़ के चलते भाग निकले। बेचारे डीएम जी कृष्णैया भीड़ को बताते रहे कि वह मुजफ्फरपुर के डीएम नहीं है वह गोपालगंज के हैं उनका छोटन शुक्ला के एनकाउंटर से कोई संबंध नहीं है इस के बावजूद उग्र लोगों ने उन्हें मार दिया था।

इस दुर्भाग्यपूर्ण व दुस्साहसिक वारदात समूचा देश सकते में पड़ गया था और वारदात की देश भर में निंदा की गयी। आरोप लगा कि भीड़ को आनंद मोहन ने ही उकसाया था। घटना के 13 साल बाद 2007 में लोअर कोर्ट ने उन्हें दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई। आजाद भारत में यह पहला मामला था, जिसमें एक राजनेता को मौत की सजा दी गई थी।

2008 में हाईकोर्ट ने इस सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। साल 2012 में आनंद मोहन ने सुप्रीम कोर्ट में सजा कम करने की अपील की। कोर्ट ने उनकी इस मांग को खारिज कर दिया था।अब सरकार ने जेल से बाहर निकालने के लिए नियम बदल दिए हैं। इसके बाद आनंद मोहन समेत 27 लोगों को सोमवार को रिहाई के आदेश जारी कर दिए गए। आनंद मोहन पर 3 और केस चल रहे हैं। इनमें उन्हें पहले से बेल मिल चुकी है।

बिहार सरकार ने 10 अप्रैल 2023 को बिहार जेल मेनयुअल 2012 के नियम-481(i) (क) में संशोधन करके उस वाक्यांश को हटा दिया, जिसमें सरकारी सेवक की हत्या को शामिल किया गया था। इस संशोधन के बाद अब ड्यूटी पर तैनात सरकारी सेवक की हत्या अपवाद की श्रेणी में नहीं गिनी जाएगी, बल्कि यह एक साधारण हत्या मानी जाएगी।इसी के साथ आनंद मोहन की रिहाई का रास्ता खुल गया था। हाल ही में आनंद मोहन बेटे की सगाई के लिए पैरोल पर थे। रिहाई का आदेश मिलने के बाद यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने कहा- सरकार के इस फैसले से दलितों को दुख हुआ है। शर्मनाक बात यह है कि बसपा सुप्रीमो भी सिर्फ इस लिए आनंद मोहन की रिहाई पर आपत्ति जता रहीं हैं क्योंकि मारे गए आइएएस अधिकारी जी कृष्णैया दलित थे। यानि सारे राजनीतिक दलों की चिंता सिर्फ जाति पर अटक कर रह गई है। आप को यह भी बता दें कि बिहार की नीतिश सरकार पिछले कुछ समय से आनंद मोहन पर विशेष मेहरबान रही इसे यूं भी समझा जा सकता है कि पिछले छह महीने में दबंग आनंद मौहन कडको तीन बार पैरोल पर रिहा किया गया। बेटी सुरभि आनंद की 7 नवंबर को सगाई थी, जिसको लेकर 5 नवंबर को आनंद पैरोल पर जेल से बाहर आए थे। 21 नवंबर को पैरोल खत्म हो गई तो जेल गए थे।सुरभि की शादी को लेकर वो पांच फरवरी को फिर से पैरोल पर जेल से बाहर आए थे और शादी होने के बाद 21 फरवरी को जेल भेज दिए गए थे।उनके बेटे राजद विधायक चेतन आनंद की सगाई के लिए 15 दिन की पैरोल मिली। चेतन आनंद का 16 अप्रैल को जनेऊ, 24 अप्रैल को सगाई हुई। तीन मई को देहरादून में शादी होने वाली है। बीते 6 महीने में तीसरी बार आनंद मोहन पैरोल पर सहरसा मंडल कारागार से बाहर आए हैं।अभी 24 अप्रैल को आनंद मोहन के बेटे शिवहर विधायक चेतन आनंद की सगाई हुई है। सगाई के ही दिन आनंद मोहन की रिहाई का आदेश जारी किया गया। इस सगाई में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत बिहार के कई नेता शामिल हुए थे। सगाई की रस्में काफी धूमधाम से हुईं। सगाई के दिन ही बिहार सरकार ने उन्हें रिहाई का बड़ा तोहफा दिया।

एक ओर जहां बसपा सुप्रीमो मायावती ने आनंद मोहन की रिहाई को लेकर नीतीश सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए पुन: विचार की अपील की है वहीं मारे गए जिलाधिकारी जी कृष्णैया की पत्नी ने भी सरकार की कार्रवाई पर गहन आपत्ति जताई है उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए किया गया है। इस से अपराधियों का मनोबल बढेगा।

यहां बता दें कि आनंद मोहन की रिहाई के राजनीतिक पहलू पर अगर गौर करें तो बिहार में



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार है, उसे लगता है कि बिहार के राजपूत समाज का समर्थन उसे लोकसभा चुनाव में मिल सकता है. आनंद मोहन के जरिए आरजेडी राजपूत वोटों को अपने पाले में लाना चाहती है तो बीजेपी भी इस वोटबैंक को अपने साथ जोड़े रखना चाहती है। , अब आरजेडी आनंद मोहन की लोकसभा चुनाव से पहले रिहाई कर बड़ा ब्रह्मास्त्र चलाया जा रहा है। उधर राजपूत वोटर की नाराजगी का कोई जोखिम बीजेपी भी नहीं उठाना चाहती हैं जिस कारण बाहुबली आनंद मोहन की रिहाई पर मुखर नही हो पाया रही है। जाति तुष्टि करण की यह राजनीति देश को कहां ले जाएगी कह पाना मुश्किल है। एक ओर यूपी में योगी माफिया के खिलाफ जंग छेड़ रहे हैं दूसरी ओर बिहार में बाहुबली अपराधी समय से पूर्व रिहा किये जा रहे हैं और राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए बसपा के अलावा सभी दल चुपचाप यह सब देखकर भी विरोध नहीं कर रहे हैं क्योंकि सब के सब से राजनीतिक स्वार्थ जाति की राजनीति में सिमट कर रह गए हैं। आखिर यह सब क्या है कब तक जाति संप्रदाय के आधार पर नैतिकता अनैतिकता की परिभाषा बदली जाती रहेंगी? सभी के लिए एक मापदंड क्यों नहीं? जब बिलकिस नरोडा या मलियाना के आरोपियों को रिहा किया जाता है तब भी यह तमाम परिभाषाएं बदल जाती है क्योंकि कहीं न कहीं हम जाति संप्रदाय की तराजू पर न्याय का दम घोष रहे हैं?

# बादल साहब हमेशा दिलों में बसे रहेंगे

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

पच्चीस अप्रैल की शाम को जब मुझे सरदार प्रकाश सिंह बादल जी के निधन की खबर मिली तो मन बहुत दुखी हुआ। उनके निधन से मैंने एक पिता तुल्य व्यक्ति खो दिया है, जिन्होंने दशकों तक मेरा मार्गदर्शन किया। एक प्रकार से देखें तो उन्होंने भारत और पंजाब की राजनीति को ऐसा आकार दिया, जो अपने आप में अद्भुत है।

बादल साहब एक बड़े नेता थे, यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे एक बड़े दिल वाले



इंसान थे। एक बड़ा नेता बनना आसान है, लेकिन एक बड़े दिल वाला व्यक्ति होने के लिए और भी बहुत कुछ चाहिए। पूरे पंजाब में लोग कहते हैं- बादल साहब की बात अलग थी!'यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत के इतिहास में सरदार प्रकाश सिंह बादल साहब को एक बड़े किसान नेता के रूप में जाना जाएगा। कृषि और किसान उनके दिल में रचे-बसे थे। वे जब भी किसी अवसर पर बोलते थे, उनके भाषण तथ्यों, नवीनतम जानकारियों और ढेर सारे व्यक्तिगत अनुभवों से भरे होते थे।1990 के दशक में जब मैं उत्तरी भारत में पार्टी का काम देखता था, तब मुझे बादल साहब को निकटता से जानने का अवसर मिला। बादल साहब एक लोकप्रिय नेता थे। वे एक राजनीतिक दिग्गज थे जो पंजाब के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और दुनियाभर के करोड़ों पंजाबियों के दिलों पर राज करने वाले व्यक्ति थे। दूसरी ओर, मैं एक साधारण कार्यकर्ता था। फिर भी, अपने स्वभाव के अनुरूप, उन्होंने कभी भी इसे हमारे बीच खाई नहीं बनने दी। वे गर्मजोशी के साथ-साथ संवेदनाओं से भरे एक जीवंत व्यक्तित्व थे। ये ऐसे गुण थे, जो आखिरी सांस तक उनके साथ रहे। हर कोई, जिसने भी बादल साहब के साथ निकटता से बातचीत की, उनकी बुद्धिमत्ता और हंसमुख स्वभाव का कायल हो गया।1990 के मध्य और उत्तरार्ध में पंजाब में राजनीतिक माहौल बहुत अलग था। राज्य ने बहुत उथल-पुथल देखी थी और 1997 में चुनाव होने थे। हमारी पार्टियां एक साथ मिलकर लोगों के पास गईं और बादल साहब हमारे नेता थे। उनकी लोकप्रियता और जनता का विश्वास एक प्रमुख कारण था कि लोगों ने हमें शानदार जीत का आशीर्वाद दिया। इतना ही नहीं, हमारे गठबंधन ने चंडीगढ़ में नगरपालिका चुनाव और शहर में लोकसभा सीट भी सफलतापूर्वक जीती। ये उनके नेतृत्व का ही प्रभाव था कि हमारा गठबंधन 1997 से 2017 के बीच 15 साल तक राज्य की सेवा करता रहा।एक किस्सा है, जिसे मैं कभी नहीं भूल सकता। मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेने के बाद एक दिन बादल साहब ने मुझसे कहा कि हम अमृतसर जाएंगे, मत्था टेकेंगे और साथ में लंगर छकेंगे। मैं अमृतसर पहुंच गया और गेस्ट हाउस में अपने कमरे में था, लेकिन जब उन्हें इस बात का पता चला तो वे मेरे कमरे में आए और मेरा सामान उठाने लगे। मैंने उनसे पूछा कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि आओ मेरे साथ। वे मुझे वहां ले गए, जो कमरा मुख्यमंत्री के लिए आवंटित होता है, और फिर उन्होंने कहा कि तुम यहां रहोगे। मेरे लाख मना करने के बाद भी वे माने नहीं और फिर मुझे उसी कमरे में रहना पड़ा। और बादल साहब दूसरे कमरे में रुक गए। मेरे जैसे एक बेहद साधारण कार्यकर्ता के प्रति उनके इस भाव को मैं आज भी नहीं भूल पाया हूं।

बादल साहब की गौशाला में विशेष रुचि थी और वे तरह-तरह की गायें रखते थे। हमारी एक मुलाकात के दौरान, उन्होंने मुझे बताया कि गिर की गायों को पालने की उनकी इच्छा है। मैंने उनके लिए 5 गायों की व्यवस्था की और उसके बाद जब भी हम मिलते तो वे मुझसे गायों के बारे में बात करते, और मजाक में कहा करते थे कि वे गायें हर तरह से गुजराती हैं- क्योंकि वे कभी गुस्सा नहीं करतीं, उत्तेजित नहीं होतीं, या किसी पर हमला नहीं करतीं, यहां तक कि जब बच्चे खेल रहे होते हैं, तब भी नहीं। वे कहते थे कि गुजराती भी इन गायों का दूध पी-पीकर विनम्र होते हैं।2001 के बाद, मुझे बादल साहब के साथ एक अलग रूप में बातचीत करने का मौका मिला- अब हम अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री थे।मुझे विशेष रूप से जल संरक्षण, पशुपालन और डेयरी सहित कृषि से संबंधित कई मुद्दों पर बादल साहब का मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एक बार उन्होंने मुझसे कहा था कि वे समझना चाहते हैं कि अलंग शिपयार्ड में कैसे काम होता है। फिर वे वहां आए और पूरा दिन अलंग शिपयार्ड में बिताया और अच्छी तरह समझा कि रीसाइक्लिंग कैसे होती है। पंजाब एक तटीय राज्य नहीं है और एक तरह से उनके लिए शिपयार्ड की कोई सीधी प्रासंगिकता नहीं थी, लेकिन नई-नई चीजों को जानने और सीखने की रुचि उनमें हमेशा रहती थी।2001 के भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त हुए कच्छ के पवित्र लखपत गुरुद्वारे की मरम्मत और जीर्णोद्धार के प्रयासों के लिए उन्होंने जिस प्रकार से गुजरात सरकार के प्रयासों की सराहना की, वो हमारे लिए बहुत प्रेरणादायी रहेगी।2014 में केंद्र में एनडीए सरकार के आने के बाद भी समय-समय पर उनके अनुभव का लाभ मुझे मिलता रहा। उन्होंने ऐतिहासिक जीएसटी सहित कई बड़े सुधारों का पुरजोर समर्थन किया। हमारे राष्ट्र के लिए उनका योगदान अमिट है। वे आपातकाल के काले दिनों में भी लोकतंत्र के लिए लडने वालों के साथ एक मजबूत स्तंभ की तरह खड़े थे। उन्होंने हमेशा कांग्रेस के अहंकार और जुल्मों का सामना किया। उनकी सरकारें भी बर्खास्त की गईं।

पंजाब में 1970 और 1980 के दशक के मुश्किल भरे दौर में भी बादल साहब ने पंजाब फर्स्ट और इंडिया फर्स्ट' की बात रखी। उन्होंने ऐसी हर बात का दृढ़ता से विरोध किया, जो भारत को कमजोर करे या पंजाब के लोगों के हितों से समझौता करे, भले ही इसके लिए उन्हें कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़ी हो।वे महान गुरु साहिबों के आदर्शों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने सिख विरासत को संरक्षित करने और नयी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए। 1984 के दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका को कौन भूल सकता है? बादल साहब सब लोगों को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अलग-अलग विचारधाराओं वाले नेताओं के साथ काम किया। राजनीतिक फायदे-नुकसान से परे हटकर उनके लिए राष्ट्रीय एकता की भावना हमेशा सर्वोपरि रही।बादल साहब के निधन से जो रिक्तता आई है, उसे भरना मुश्किल होगा। वे एक ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने जीवन में कई चुनौतियां देखीं।वो आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हमेशा हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। उनकी कमी तो हमें जरूर खलेगी, लेकिन यह भी सच है कि वे हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे।

# छत्तीसगढ़ में बोरे-बासी खाओ अभियान

## मजदूर दिवस पर श्रमिकों के सम्मान के लिए अनूठी पहल

**रायपुर 29 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के तीज-त्योहार सरकारी तौर पर मनाने की शुरुआत करने के बाद राज्य सरकार ने आहार को भी छत्तीसगढ़िया गौरव से जोड़ दिया है। शुरुआत किसानों-मजदूरों का आहार कहे जाने वाले बोरे-बासी से हो रही है। मजदूर दिवस यानी एक मई को श्रम को सम्मान देने के लिए सभी से बोरे बासी खाने की अपील की है। हर छत्तीसगढ़िया के आहार में बोरे बासी का कितना महत्व है। हमारे श्रमिक भाइयों, किसान भाइयों और हर काम में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली हमारी बहनों के पसीने की हर बूंद में बासी की महक है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा, जब हम कहते हैं कि बटकी में बासी अउ चुटकी में नून तो यह सिंगार हमें हमारी संस्कृति से जोड़ता है।

डॉ. खूबचंद बघेल ने भी खूब कहा है,



गजब विटामिन भरे हुए हे छत्तीसगढ़ के बासी मा मुख्यमंत्री ने कहा, युवा पीढ़ी को हमारे आहार और संस्कृति के गौरव का एहसास कराना बहुत जरूरी है। एक मई को हम सब बोरे बासी के साथ आमा के अथान और गोंदली के साथ हर घर में बोरे बासी खाएं और अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व महसूस करें।

क्या है यह बोरे बासी

बोरे बासी छत्तीसगढ़ का प्रमुख और प्रचलित व्यंजन है। बोरे बासी का मतलब होता है रात के पके चावल को रात को भिगो कर या सुबह भिगो कर खाना या सुबह के पके चावल को दोपहर में खाना। इसमें स्वादानुसार नमक मिलाया जाता है। फिर सब्जी, प्याज, आचार, पापड़, बिजौरी इत्यादि के साथ खाया जाता है। कई बार लोग केवल नमक और प्याज से बासी खाते हैं। बोरे का अर्थ है सुबह के चावल को पानी में भिगोए रखना और बासी का मतलब है रात के बचे चावल को पानी में भिगोकर रात भर रखना उसे कहते हैं बासी इसका अर्थ हो जाता है बोरे बासी। गर्मी के दिनों में बोरे बासी शरीर को ठंडा रखता है। पाचन शक्ति बढ़ाता है। त्वचा की कोमलता और वजन संतुलित करने में भी यह रामबाण है। बोरे बासी में सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं।

बोरे बासी यानी बासी चावल जिसका स्वाद चावल से कई गुना बदल जाता है एवं स्वादिष्ट लगने लगता है बोरे बासी को तैयार करने के लिए सबसे पहले चावल पकाकर उसे रात को पानी में डालकर एवं छोड़ दिया जाता है तब उसे सुबह वह चावल बासी के रूप में प्राप्त होता है । और बासी एक छत्तीसगढ़ की प्रमुख व्यंजन है जिसे गर्मी के समय में पेट पूजा के लिए एवं भोजन का मुख्य व्यंजन है, बोरे -बासी त्वचा को स्वस्थ एवं शरीर में किसी भी बीमारी को दूर करने में सहायक प्रदान करता है एवं विटामिंस सी विटामिन की मात्रा सबसे ज्यादा होती है ,और इसमें बोरे बासी हमारे ही राज्य में नहीं अन्य राज्यों में एवं अमेरिका जैसे देशों में रहने वाले भारतीयों द्वारा भी खाया जाता है। विटामिन बी-12 की प्रचूर मात्रा के साथ-साथ बोरे बासी में आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम की मात्रा भरपूर होती है। इसे खाने से पाचन क्रिया सही रहती है और शरीर में ठंडक रहती है। ब्लड और हाइपरटेंशन को नियंत्रित करने का भी काम करती है। गर्मी के दिनों में बोरे-बासी शरीर को ठंडा रखती है। पाचन शक्ति बढ़ाती है। त्वचा की कोमलता और वजन संतुलित करने में भी यह रामबाण है। बोरे-बासी में सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं।

## एक नजर

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर 29 अप्रैल।** आमापारा कांकेर निवासी 32 वर्षीय रितेश नाग की तालाब में डूबने से हुए मृत्यु के प्रकरण में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा मृतक के निकटतम आश्रित श्रीमती सुकमा नाग के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया हैं। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार कांकेर द्वारा हितग्राही को डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

### दुर्घटना में घायल अर्जुन पटेल को इलाज हेतु दी गई सहायता राशि



**अंवरी 29 अप्रैल।** राजीव युवा मितान क्लब एवं श्री जय दुर्गे मानस परिवार जरवायडीह की ओर से अर्जुन पटेल (कोषाध्यक्ष युवा मितान)को जिसका सड़क दुर्घटना हुआ है उनको इलाज हेतु सहायता राशि 3000 रूपये प्रदान किया गया । इस अवसर पर युवा मितान क्लब के सचिव शैलेन्द्र धनकर, उपाध्यक्ष मनोज पटेल, गिरधर पटेल,मिडिया प्रभारी लिलेश्वर पाल, जय दुर्गे मानस परिवार जरवायडीह के अध्यक्ष भागीरथी पटेल ,सचिव झम्मन पटेल ,बैशाखु पटेल, दुर्गेश पटेल, ठमेश्वर पटेल, डेरहा पटेल, तुलेशवर पटेल आदि उपस्थित थे ।

### मधुसूदन दास को जयंती पर महापौर ने दी आदरांजलि

**रायपुर 29 अप्रैल।** आज राजधानी रायपुर शहर के महिला पुलिस थाना चैक के सामने स्थित महान देशभक्त, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अधिवक्ता, समाज सुधारक, विचारक उत्कल गौरव मधुसूदन दास को उनकी जयंती पर उनके मूर्ति स्थल के समक्ष नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर राजधानी रायपुर के प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम के महापौर श्री एजाज ढेबर ने समस्त राजधानीवासियों की ओर से आदरांजलि अर्पित की। नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से रखे गये इस संक्षिप्त एवं गरिमामयी आयोजन में पहुंचकर मुख्य रूप से नगर निगम सभापति श्री प्रमोद दुबे, वार्ड पार्षद श्रीमती नीलम जगत, स्थानीय उत्कल समाज के सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, गणमान्य जनों ने उत्कल गौरव मधुसूदन दास को उनकी जयन्ती पर सादर नमन करते हुए मूर्ति स्थल पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# किस्टाराम क्षेत्र में सक्रिय 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 29 अप्रैल।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), श्री सुनीत कुमार राय, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ (परिचालन कोटा रेंज), श्री अरविन्द कुमार राय, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ (परिचालन सुकमा रेंज), श्री कमलोचन कश्यप उप पुलिस महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग-दर्शन एवं श्री सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव, कमाण्डेन्ट 212 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री जितेन्द्र कुमार ओझा, कमाण्डेन्ट 208 वाहिनी कोवरा, श्री किरण चव्हाण अति. पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स जिला सुकमा, श्री गौरव मण्डल अति. पुलिस अधीक्षक कोटा के निर्देशन तथा श्री गिरिजाशंकर साव उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स कोटा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की ÷पुनर्वास नीति÷ के प्रचार-प्रसार तचा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ÷पूना नकम अभियान÷ ( नई सुबह, नई शुरूआत ) व थाना चिंतागुफा के अंदरूनी क्षेत्रों में नवीन सुरक्षा कैम्पों के स्थापित होने से क्षेत्र में हो रहे विकासात्मक कार्यो से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले




हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में सक्रिय कुल 04 नक्सलियों कमशः 01. गड्डोम रमेश (डीएकेएमएस सदस्य), उम्र 25 वर्ष, 02. कुरसम भीमा (मिलिशिया सदस्य ) उम्र 25 वर्ष, 03 मड़कम सारा (जनताना सरकार अध्यक्ष साकलेर आरपीसी अन्तर्गत) उम्र 35 वर्ष, 04 माड़वी गंगा (मिलिशिया सदस्य ) उम्र 27 वर्ष सभी निवासी थाना किस्टाराम क्षेत्र जिला सुकमा के द्वारा आज दिनांक 28.04.2023 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में श्री किरण चव्हाण, अति. पुलिस अधीक्षक, नक्सल ऑप्स जिला सुकमा, श्री अजय प्रताप सिंह, डिप्टी कमाण्डेन्ट 2.12 बाहिनी सीआरपीएफ एवं श्री गिरिजाशंकर साव उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स कोटा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। उक्त नक्सलियों को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में मड्डोम रमेश कुरसम भीमा, माड़वी गंगा को 208 वाहिनी कोबरा आसूचना शाखा तथा मड़कम सारा को 212 वाहिनी सीआरपीएफ के आसूचना शाखा एवं उप निरीक्षक भावेश शेंडे थाना प्रभारी किस्टाराम का विशेष प्रयास रहा। सभी उक्त आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### एसडीएम लिंक कोर्ट, उपपंजीयक कार्यालय एवं सिविल कोर्ट की मुख्यमंत्री से मांग



**अंवरी 29 अप्रैल।** तहसील भखारा, सिविल कोर्ट कुरूद एवं धमतरी में 20-25 वर्षो से कार्य कर रहे तदर्थ अधिवक्ता संघ भखारा के सदस्यों द्वारा दिनांक 28/04/2023 को मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम ग्राम सेमरा (बी) में आवेदन पेश किया गया। जिसमें मुख्यतः एसडीएम लिंक कोर्ट, उपपंजीयक कार्यालय एवं सिविल कोर्ट की मांग किया गया। मांग को लेकर पहुंचे तदर्थ अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमंत कुमार साहू ने बताया कि. तहसील भखारा में 74 ग्राम आते हैं जिसमें भूमि राजस्व एवं सिविल संबंधी कार्य के लिए किसानों एवं पक्षकारों को कुरूद व धमतरी का चक्कर काटना पड़ता है जिसकी दूरी भखारा से 20-25 किमी है एवं उचित साधन के आभाव में अधिकांश प्रकरण लंबित रहते है। तदर्थ अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष जितेन्द्र तेलासी ने बताया कि पक्षकारों एवं किसानों को आने-जाने हेतु साधनों के आभाव में आर्थिक, मानसिक एवं शारिरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त कार्यक्रम में तोरण साहू, शेखरदास मानिकपुरी, एकनाथ साहू, दिनेश यादव, धामूराम साहू, देवीलाल साहू, रामखिलावन लहरी, गनपत लाल साहू अश्वनी चंद्राकर, बलदाउ राम साहू, विश्वेश्वर साहू, खेमन निर्मलकर, खिलेन्द्र कुमार साहू, चंद्रशेखर सिन्हा योगेश, गजेन्द्र आदि अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के मेधावी विद्यार्थियों का पुस्तकें भेंट कर सम्मान



**रायपुर. 29 अप्रैल।** पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में विगत विश्वविद्यालयीन परीक्षा में प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष में प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं को ÷वोल्टर्स क्लूवर लिपिन-कोट के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया । चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मेधावी छात्रों को प्रावीण्य सूची हासिल करने के लिए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह पहला अवसर था जब महाविद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को उनके अगले चरण की विषयवार पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ.अरविंद नेरल, डॉ.उषा जोशी, डॉ.सुमित त्रिपाठी, डॉ.जागृति अग्रवाल, डॉ.निकिता शेरवानी, डॉ.प्रशांत जायसवाल एवं वोल्टर्स क्लूवर लिपिन-कोट से अक्षय कुमार पाटिल उपस्थित थे। सम्मानित होने वाले छात्रों में विगत प्रथम वर्ष की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में अली सागर नकवी, मो. काशिफ इमाम एवं वर्षा रानी बारिक, द्वितीय वर्ष की परीक्षा में प्रवेश सूची से पलक केजरीवाल, ऋषभ अवस्थी एवं श्रद्धा मिश्रा तथा तृतीय वर्ष से अनुष्का दुबे, दिव्या चांडक एवं आरोही शर्मा को सम्मानित किया गया।

### लाइवलीहुड कॉलेज कोण्डागांव में 3 एवं 4 मई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**कोण्डागांव,29 अप्रैल।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोण्डागांव द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज में कोण्डागांव में 3 एवं 4 मई 2023 को दो दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर, एएसओ सहित हाऊस कीपर, ड्रायव्हर, कुक ईत्यादि कुल 310 पदों के लिए शिक्षित योग्य युवक-युवतियों का चयन किया जायेगा। इन पदों के लिए चयनित अभ्यार्थियों का कार्य स्थल हैदराबाद होगा। सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पदों पर भर्ती हेतु 10 वीं उत्तीर्ण, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पदों में भर्ती के लिए स्नात्तक सहित एनसीसी एवं कम्प्यूटर ज्ञान तथा एएसओ के 10 पदों पर भर्ती के लिए स्नात्तक सहित एनसीसी एवं कम्प्यूटर जानकार होना चाहिए। हाऊस कीपर, कुक ईत्यादि के 50 पदों हेतु 8 वीं उत्तीर्ण तथा ड्रायव्हर के लिए 8 वीं पास एवं ड्रायव्हिंग लायसेंस धारक होना अनिवार्य है। जिला रोजगार अधिकारी कोण्डागांव श्री पवन नेताम द्वारा इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र में उक्त पदों पर नियोजित होने के ईच्छुक पात्र युवक-युवतियों से अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी दस्तावेज निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के मूल प्रति एवं छायाप्रति सहित पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर लाभान्वित होने का आग्रह किया गया है।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**रायपुर/कांकेर 29 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक के द्वितीय दिवस आज राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया। राजनीतिक प्रस्ताव में कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति का संकल्प लेते हुए कांग्रेस को इस प्रदेश से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव व महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत ने की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांकेर हमेशा से राजनीतिक चेतना का केन्द्र रहा है । कांकेर से कई राजनीतिक आंदोलनों की शुरुआत हुई है। आज की बैठक में उपस्थित बहनों की आवाज कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उठेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की राजनीतिक परिस्थिति ऐसी बना दी है कि छत्तीसगढ़ में माताओं बहनों का जीना दूभर हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरेआम वादाखिलाफी कर रहे हैं। छग की जनता से झूठ बोलने का काम कर रहे हैं। सरकार बनते ही सौ दिनों में शराबबंदी करने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री, अपने वादे से मुकरते अब यह कह रहे हैं कि जनता पीना बंद करेगी तो शराबबंदी लागू करेंगे। यह सरासर छत्तीसगढ़ की बहनों के साथ धोखा है जिन्होंने शराबबंदी के नाम पर कांग्रेस को वोट किया था। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की 18 लाख बहनों के सिर से आवास छीनने का काम भूपेश बघेल ने किया है। पिछले साढ़े 4 वर्षों में ही कांग्रेस के शासन में महिलाओं के साथ अत्याचार में बेतहाशा वृद्धि हुई है । इस सरकार में जनता ने एक अपराधी को लड़की की चोटी पकड़ कर घसीटते हुए, अपनी मांग मनवाने के लिए महिलाओं को मुण्डन होते देखा है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाऐं चला रहे हैं, वहीं प्रदेश की भूपेश सरकार उनसे रोजगार छीनने का काम कर रही है। पहले स्व-सहायता की बहनों से रोजगार छीना, अब वर्मी कम्पोस्ट बनाने वाले समूहों के साथ भी धोखा कर रहे हैं। प्रदेश में जबसे कांग्रेस सरकार आई है प्रदेश की 7 हजार बहनों की अस्मत अपराधियों के द्वारा लूटी गई है । इस सरकार ने विधवा बहनों से भी छल किया है । प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपराध की ओर बढ़ रहे है। पूरे प्रदेश में माफिया, गुण्डाराज है। चार वर्षों में कांग्रेस ने विकास का कोई काम नहीं किया है । छत्तीसगढ़ में जो भी विकास दिखता है, वह भाजपा के 15 साल के शासन के दौरान किया गया विकास है। बाद में पत्रकारों के सवालो का जवाब देते हुए नक्सल मुद्दे पर बोलते हुए श्री साव ने कहा कि ये प्रदेश का दुर्भाग्य है कि दंतेवाड़ा में शहीद हुए जवानों में से दो जवानों को अपने घर में भी अंतिम संस्कार नसीब नहीं हो पाया है। एक तरफ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते हैं कि नक्सली खात्मे की ओर हैं।

# जल बहिनियों की कार्यशाला हल्बा में आयोजित

**उत्तर बस्तर कांकेर 29 अप्रैल।** जल जीवन मिशन कांकेर अंतर्गत विकासखण्ड चारामा के द्वितीय बैच के आठ ग्रामों की जल बहिनियों की एक दिवसीय कार्यशाला जनपद पंचायत सदस्य चारामा दीपा सलाम की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत भानपुरी आनंद सिंह मरकाम, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच ग्राम पंचायत हल्बा लाल जी यादव की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन हल्बा में आयोजित किया गया। जिला समन्वयक ने जल जीवन मिशन के अवयवों को रेखांकित कर कार्यशाला की शुरुआत की। सरपंच भानपुरी मरकाम ने जल बहिनियों को उनकी भूमिकाओं से अवगत कराते हुए ग्राम के प्रत्येक जल स्त्रोत के जल का परीक्षण करने एवं लोगों को जल गुणवत्ता के प्रति जागरूक व लोगो को शुद्ध पेयजल पीने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला नोडल अधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे जल बहिनियों को



संबोधित करते हुए बताया कि जल जीवन मिशन में जल बहिनियों के जल गुणवत्ता परीक्षण, पानी सप्लाई करने में पंप ऑपरेटर की भूमिका, योजना के रखरखाव और प्रबंधन में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका महत्वपूर्ण हैं एवं जल बहिनियों की जल जीवन मिशन में योगदान को सराहा। जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका, जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को विस्तार से समझाया। जिला समन्वयक द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण की संपूर्ण जानकारी देते जल बहिनियों को जल गुणवत्ता की जानकारी देते ग्राम के जल स्त्रोत का जल नमूना लेकर जल गुणवत्ता परीक्षण के विभिन्न पैरामीटर पर परीक्षण करना सिखाया व अशुद्ध जल से होने हानिकारक प्रभाव एवं बीमारियों से बचने की जानकारी दी। ग्राम में जल स्त्रोत स्थल के पास जाकर जल नमूना लेकर जल बहिनियों द्वारा फ्लोराइड, टार्बिडिडिटी आदि पैरामीटर पर जल परीक्षण कर जांच किया एवं परिणाम को नोट किया गया। जल बहिनियों को जल गुणवत्ता से संबंधित बिंदुओं पर शपथ ग्रहण करवाते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रमाण पत्र एवं कांकेर जिले में जल बहिनियों की पोशाक नीली साड़ी देकर सम्मानित किया गया।

## 11वीं में साक्षी, 9वीं में ओमकुमारी रहीं प्रथम स्थान पर

# दहदहा हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित

**अंवरी 29 अप्रैल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहदहा में विगत वर्षों के अनुसार इस वर्ष भी 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम दिनांक 24 अप्रैल को घोषित किया गया। ग्राम के सरपंच डीलन चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में एवं प्राचार्य देवेंद्र पाल की उपस्थिति में परिणाम घोषित किया गया। माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण पश्चात वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सरपंच चंद्राकर ने उद्बोधन में विभिन्न सफल व्यक्तित्व का उदाहरण देते हुए कहा कि व्यक्ति एक दिन में सफल नहीं होता, लेकिन एक दिन जरूर सफल होता है। कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छा शक्ति इंसान को सफल बनाती है। सफल व्यक्ति धैर्य का मूर्तरूप है जो कि सफल व्यक्तित्व का सर्वोत्तम गुण है।

उद्बोधन में प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है। असफल हुए व्यक्ति को पुनः जोश और उमंग के साथ सही दिशा में मेहनत कर सफल होने का प्रयास करना चाहिए। यदि हम असफलता के कारणों को जानने का प्रयास करें तो हम सफलता की ओर अग्रसर हो सकते हैं।



इसके पश्चात विद्यालय का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 11 वीं में प्रथम स्थान कुमारी साक्षी, द्वितीय कुमारी तुलेश्वरी तथा तृतीय स्थान पर कुमारी प्रीति ध्रुव ने अपना नाम दर्ज किया। कक्षा 9 वीं में प्रथम कुमारी ओमकुमारी , द्वितीय कुमारी लीना चंद्राकर एवं तृतीय कुमारी तारणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर अपना, स्कूल का और अपने स्वजनों का नाम रोशन किया है। उक्त के साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही शिक्षकों, अतिथियों द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण प्रतिमा पिल्ले, सरोजनी नाग, वीणा खत्री, प्रमिला संभाकर, अश्वनी बंजारे, लच्छन साहू, गोपीलाल चंद्राकर, हरीश सिन्हा, ओम प्रकाश साहू, पुरुषोत्तम पटेल एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन का कार्य शिक्षक जितेंद्र परमार ने किया। साथ ही आभार प्रदर्शन एसकुमार साहू द्वारा किया गया।

### महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला का परीक्षा परिणाम घोषित

**अंवरी 29 अप्रैल।** महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला मे कक्षा के. जी. 1 से आठवी तक का परीक्षा परिणाम सत् प्रतिशत रहा। जिसमे सभी शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं एवं पालको की उपस्थिति मे परीक्षा परिणाम प्रधान पाठक हितेंद्र कुमार साहू द्वारा घोषित किया गया । समस्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्रो को विद्यालय परिवार द्वारा तिलक लगा कर पुरस्कार वितरण किया गया तथा सभी छात्रो की उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



## एक नजर

### अप्रैल माह में विभिन्न स्थानों पर लर्निंग लायसेंस बनाये जायेंगे

**गरियाबंद, 29 अप्रैल।** जिले में परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्थलों में लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शनिवार 29 अप्रैल को मालगांव, पीपरछेड़ी, बोरसी, मैनपुर-2, सेम्हरा (छुरा) के ग्राम पंचायत भवन एवं छुईहा (राजिम) के राजीव गांधी शिक्षा मिशन रोजगार भवन में लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आवेदक स्वयं ऑनलाइन आवेदन भरकर अथवा शिविर में आकर निर्धारित शुल्क जमा कर लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### चतुर्थ श्रेणी पद हेतु दस्तावेज सत्यापन 1 मई को

**गरियाबंद, 29 अप्रैल।** जिले में चतुर्थ श्रेणी के 36 पदों के भर्ती के लिए मेरिट सह अंतिम पात्र सूची का प्रकाशन किया गया था। इसके उपरांत सभी 36 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु 19 अप्रैल को संयुक्त जिला कार्यालय में उपस्थित होने कहा गया था। जिसमें 30 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 06 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे। जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अनुपस्थित 06 अभ्यर्थियों को पुनः अवसर देते हुए उनके दस्तावेज सत्यापन हेतु 01 मई 2023 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद के कक्ष क्रमांक 02 में बुलाया गया है। संबंधितों को दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर पूर्व किए गए आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों की मूलप्रति के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है। सूची का अवलोकन जिला कार्यालय के वेबसाइट में किया जा सकता है।

### जिला कौशल समिति के सदस्यों की बैठक सम्पन्न



**गरियाबंद, 29 अप्रैल।** जिला पंचायत गरियाबंद के सभा कक्ष में आज जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्रीमती रीता यादव की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कौशल समिति (वेब) पुनगर्ठन, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2023-24, जिला कौशल विकास योजना का अनुमोदन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत नवीन दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर जनपद सदस्य, पार्षदगण, आईटीआई, उद्योग व्यापार केन्द्र एवं लीड बैक से श्रीमती चंदा बारले, श्रीमती भूमिलता यादव, श्रीमती नाजमा खान, श्रीमती मीता महाड़िक, श्रीमती खिलेश्वरी आयाम, श्री देवकरण, दीपक श्रीवास, मोतीलाल सोनकर, विजय साधवानी, योगेन्द्र साहू, एस. के. धुव, डॉ मनीष चौरसिया, सी. एल. तारक तथा सदस्य एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण की सहायक संचालक श्रीमती सृष्टि मिश्रा, सुश्री मोनिका भितारिया सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### चार लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद, 29 अप्रैल।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक के परिजन के लिए आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमलीपदर तहसील के ग्राम कोदोभाठा निवासी 23 वर्षीय श्रीमती भोजनी बाई ध्रुव की मृत्यु 06 फरवरी 2022 को आग में जलने से होने पर उनके पति किशोर ध्रुव को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि जिलाधीश प्रभात मलिक ने स्वीकृत प्रदान की है।

# बालवाड़ी के मामले में दोबारा सख्त हुये विधायक रामपुकार

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**पत्थलगांव, 29 अप्रैल।** ब्लाक के 103 शासकीय स्कूलो मे बनायी गयी बालवाडी का विवाद अब तक थम नही पाया है। दोषियों पर कार्यवाही ना होता देख स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ शासन के सबसे वरिष्ठ प्रोटेम स्पीकर रामपुकार सिंह मामले को लेकर दोबारा सख्त हो गये है। उनका कहना है कि प्रशासन का रवैया समझ से परे है। बालवाडी के मामले मे दोषियों पर कार्यवाही ना कर जांच अधिकारीयों द्वारा सच्चाई बताने वाले लोगो को ही टारगेट बनाया जा रहा है,जिससे यह पूरा मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। उन्होने इस मामले मे कडी नाराजगी जाहिर करते हुये सीधे तौर पर सी.एम. के संज्ञान मे पूरे मामले को लाने की बात कही। उनका कहना था कि ब्लाक से लेकर जिला तक के अधिकारीयों को शिकायत मिलने के बाद भी अब तक इस मामले मे किसी प्रकार की कार्यवाही ना होना संदेहो को जन्म दे रहा है। दरअसल यह पूरा मामला लगभग डेढ माह से सुर्खियां बटोर रहा है,यहा के बी.आर.सी.सी कार्यालय मे बैठे अधिकारी हमेंशा से ही शासन की योजनाओ मे कालिक पोतने का काम करते है। पिछले दिनो अनुदान राशि आने पर बी.आर.सी.सी के अधिकारीयों को ठेकेदार की भूमिका मे देखा गया था,ऐसा ही वाक्या इस बार भी देखने को मिला,जब छत्तीसगढ की संवेदनशील भूपेश सरकार ने जिले के आठ ब्लाको मे बच्चो की प्रारंभिक शिक्षा को मजबुत बनाने बालवाडी बनाने का फैसला लिया। इस फैसले के तहत पत्थलगांव ब्लाक के 103 स्कूलो मे बालवाडी का काम कराने के लिए प्रधानपाठको के खाते मे पंद्रह से साढे सतरह हजार रूपये तक की रकम भेजी गयी। इस रकम से बच्चो के लिए सुंदर एवं व्यवस्थित बालवाडी का निर्माण करना था,यह बात बी.आर.सी.सी के अधिकारी को रास नही आयी। वह कुर्सी छोडकर ठेकेदार बन बैठे,उनके द्वारा प्रधानपाठको पर दबाव बनाकर उनके खाते मे आयी रकम अपने चहेते पेंटरो के खाते मे डलवा दी गयी। पेंटर उस राशि से स्कूलो मे घटिया निर्माण कार्य कर के बाकी की रकम बतौर कमीशन बी.आर.सी.सी कार्यालय पहुंचाने लगे।

प्रधानपाठको ने की शिकायत-:बी.आर.सी.सी कार्यालय के अधिकारी ने जब अपने चहेते ठेकेदारो से बतौर कमीशन काम कराना शुरू किया तो घटिया निर्माण कार्य देखकर प्रधानपाठको ने इसकी मौखिक एवं लिखित शिकायत करनी शुरू कर दी। प्रधानपाठको की शिकायत ब्लाक के अधिकारीयों से लेकर जिले के अधिकारीयों तक की टेबल मे पहुंच गयी,परंतु इसे आदिवासी अंचल या नौनिहालो का दुर्भाग्य कहा जा सकता है कि आज तक इस अनियमितता मे किसी प्रकार की जांच या कार्यवाही नही हो पायी। बताया जाता है कि इस मामले मे सच्चाई बताने वाले कुछ शिक्षको को ही प्रशासन द्वारा टारगेट बनाया जा रहा है,जिसकी वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह ने भी कडे शब्दो मे निंदा करी है।।

राज्य स्तर से नोटिस हुआ तामिल-:मिली जानकारी के अनुसार बालवाडी के मामले मे लगातार कलम की सुर्खिया एवं शिकायतो के बाद राज्य स्तर से समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक नरेन्द्र दुग्गा द्वारा भी जिला प्रशासन को नोटिस भेजकर इस मामले की जांच एवं दोषियों पर कार्यवाही करने की बात कही थी,परंतु शायद प्रबंध संचालक द्वारा जारी नोटिस भी इस मामले मे कोई खासा असर नही दिखा पाया,जिसके कारण अब यह मामला सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के लोगो की आंखो मे भी रडकने लगा है।।

## नवनियुक्त वक्ता बनेंगे कांग्रेस की आवाज



**बीजापुर, 29 अप्रैल।** शनिवार को बीजापुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस की आवाज़ वक्ता चयन का कार्यक्रम रखा गया था। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के वक्ता चयन समिति सदस्य तथा आईटी सेल व सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव योगेश पानीग्राही ने कहा है कि नवनियुक्त वक्ता कांग्रेस और कांग्रेस नीत भूपेश बघेल सरकार की आवाज बनेंगे और यह केंद्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों को सरेबाजार उजागर करेंगे। कांग्रेस की आवाज वक्ता चयन अभियान जमीनी स्तर पर कार्य कर रहें कार्यकर्ताओं की प्रतिभा को सामने लाने का सशक्त माध्यम बनेगा। शनिवार को आयोजित बीजापुर जिले में कांग्रेस की आवाज वक्ता चयन अभियान में आवापल्ली, भोपालपटनम, कुटरु, फरसेगढ़, भैरमगढ़ जैसे दुरस्थ क्षेत्रों के कार्यकर्तागण आएं हुए थे जिन्होंने अपनी वाकपटुता से चयन समिति के लोगों को कायल कर दिया। बीजापुर जिले से इतनी बड़ी संख्या में वक्ताओं का सामने आना बहुत बड़ी बात है जोकि अपने आप में ही गर्व की बात है। स्थानीय वक्ताओं ने अपनी बोली गोंडी, दोरली, छत्तीसगढ़ी व मातृभाषा हिंदी में भी अपनी प्रस्तुति दी।

ऐसा मंच जहां बड़े -बड़े नेता सुनते रहे भाषण -कांग्रेस पार्टी ने एक ऐसा मंच दिया जहां जिले स्तर के शीर्ष नेतृत्व भावी वक्ताओं की बातों को बड़ी ही गंभीरता से सुनते रहे, कांग्रेस पार्टी ने जमीनी स्तर के नेताओं को मंच दिया जिससे वह भी बहुत प्रफुल्लित नजर आए? ।मनोज अवलम,शशी सुकीर्ति, विजय मंडावी,रत्ना सोढ़ी, विजय कुडियम,सोनू पोडियामी,शेख रजिया, हर्षित, मोहित चौहान,एजाज सिद्दकी, अंकित तेलम, नेहरू बघेल, नितिन कुशवाह,गीता कमल, राजकुमार गुप्ता,रमेश मालूम, सरिता चांपा,लक्ष्मण कुर्सी, सहदेव नेगी, हीरालाल मंडावी, सरस्वती मंडल, सोनमणी ताती,रत्न कश्यप,लच्छी मौर्य,संजना पोयाम, पुरुषोत्तम सालूर, संतोष गुप्ता , लच्छु मौर्य ने अपनी बातें रखीं , वक्ताओं को पांच-पांच मिनट का समय दिया गया था जिसमें उन्होंने बेबाकी से बात रखी।

### कुबेरबंधु समिति के राजेश साहू अध्यक्ष केसरबाई शांडिल्य उपाध्यक्ष निर्वाचित

**गरियाबंद, 20 अप्रैल।** कुबेरबंधु बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित गरियाबंद पंजीयन क्रमांक 8 के राजेश साहू अध्यक्ष एवं केसरबाई शांडिल्य उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।कुबेरबंधु बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित, गरियाबंद के संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन, नामांकन प्रक्रिया दाखिल किया गया था। नामांकन पत्रों की समीक्षा की गई, नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्वाचन अधिकारी रवि मिश्रा ने 28 अप्रैल को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पदाधिकारी सहित अन्य सहकारी सोसाइटीयों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन विधिवत सम्पन्न कराया। जिसमें अध्यक्ष राजेश साहू , उपाध्यक्ष श्रीमती केशरबाई ,सदस्य योगेश्वर, शरद तिवारी, मोहन निर्मलकर,श्रीमती ताराबाई, दौलतराम, लिलाम्बर,श्रीमती देवकी, श्रीमती सरोज,श्रीमती शोभवती निर्वाचित हुए।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने राज्य के सबसे वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह का किया सम्मान

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**पत्थलगांव, 29 अप्रैल।** सर्व ब्राम्हण समाज के सदस्यों एवं विप्र महिला सदस्यों तथा सर्व युवा ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों ने आज गुरुवार को छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह के निवास पहुचकर विधायक जी का साल श्रीफल एवं भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर सर्व ब्राम्हण समाज के अनेक महिला पुरुष एवं युवा सदस्य शामिल रहे। इसके साथ ही ब्राम्हण समाज का वह युवा जो 24 घण्टा आम लोगो को सर्प के दंश से बचाने तथा आम जनता से सर्प को बचाने का जनहित, व जन्तु हित का कार्य करने वाले ब्राम्हण पुत्र रमेश तिवारी उर्फ बबलु महाराज का इस नेक कार्य के लिये सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा साल श्रीफल एवं भगवान परशुराम जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम को लेकर सर्व युवा ब्राम्हण समाज एवं परशुराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी एवं युवा समिति के पदाधिकारी अंकित शर्मा, वीरेन्द्र तिवारी, आकाश शर्मा ने बताया कि विधायक रामपुकार सिंह जी एक ऐसे विधायक है जिनके दिल मे सभी समाज के लिये बराबर का जगह है वे किसी भी समाज को छोटा बड़ा नही समझते सभी को बराबर का सम्मान देते है जिसके कायल यहा सभी समाज के लोग हैं,और आज राज्य के सर्वाधिक बार चुने जाने वाले सबसे वरिष्ठ विधायक होने का गौरव पत्थलगांव को प्राप्त है। और हमारे समाज ने विधायक जी को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव दिवस कार्यक्रम में आमंत्रित किया था किंतु उनके परिवार रिस्तेदारी में कोई घटना घट जाने के कारण वे उक्त कार्यक्रम में शामिल नही हो पाए थे जहा कार्यक्रम में विधायक जी का सम्मान किया जाना था इस कारण आज समाज के सदस्य जिसमे महिला पुरुष व युवा शामिल थे ने विधायक जी के निवास पहुच कर उनका सम्मान किया गया। श्री त्रिपाठी ने बताया कि इसी प्रकार हमारे सर्व ब्राम्हण समाज के बबलु तिवारी पिछले कई वर्षो से सर्प से इंसान को और इंसान से सर्प को बचाने सर्प को पकड़ कर जंगल मे छोड़ने का नेक कार्य कर रहे है जिसमे उन्होंने अब तक हजारों सर्पो को लोगो के घरों से पकड़ कर जंगल मे छोड़ा है इस नेक कार्य के लिये सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा बबलु तिवारी का सम्मान किया गया जो ब्राम्हण समाज के लिये गौरव का विषय है।

## समाचार संक्षेप

### विधायक कप रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



**बीजापुर, 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में ज़िला मुख्यालय बीजापुर के इंदिरा प्रियदर्शानी मिनी स्टेडियम में पिछले तीन सप्ताह से चल रहे ज़िला स्तरीय विधायक कप 202× रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट का शुक्रवार 28 अप्रैल को भव्य समापन हुआ है। मुख्य अथिति रहे बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को पुरस्कृत कर सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की है। विदित हो कि इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विधायक विक्रम मंडावी की ओर से 111111 रु. नगद एवं कप, द्वितीय पुरस्कार 51111 रु. एवं कप और तृतीय पुरस्कार 21111 रु. एवं कप के अलावा मेन ऑफ़ द मैच, मेन ऑफ द सीरिज़, बेस्ट बॉलर, बेस्ट विकेट कीपर, हैटट्रिक विकेट, हैटट्रिक छक्का, प्रत्येक शतक और अर्धशतक बनाने सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रतियोगिता में रखे गये थे।प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीजापुर की एपिक ब्लास्टर और बीजापुर की ही चिकटराज की टीमों के मध्य हुआ विधायक विक्रम मंडावी के हाथों हुए टॉस को एपिक ब्लास्टर ने जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला किया और निर्धारित 12 ओवर में 1×0 रन बनाया। 1×1 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिकटराज बीजापुर की टीम ने 12 ओवर में 9 विकेट गवाकर महज़ 90 रन ही बना सकी। इसके साथ ही एपिक ब्लास्टर ने शानदार जीत दर्ज करते हुए विधायक कप अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच के मेन ऑफ़ मैच के अलावा मेन ऑफ़ द सीरिज़ और बेस्ट बल्लेबाज़ अमन तोकल को चुना गया जिन्होंने इस पूरे प्रतियोगिता में एक शतक भी लगाया।क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य सोमारु कश्यप, छ.ग. रा'य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, पीसीसी सदस्य 'योति कुमार, जनपद अध्यक्ष बोधि तेलम, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, राजेश जैन, सुरेश चंद्राकर, महिला कांग्रेस की शेख़ रजिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रेस क्लब के अध्यक्ष कमलेश पैंकरा, वरिष्ठ पत्रकार याकूब ख़ान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने विधायक कप के फाइनल मैच का लुत्फ़ उठाते हुए मैच को यादगार बनाया मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के संरक्षक जितेंद्र हेमला ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं सहयोग के लिए सभी का मॉर्निंग क्रिकेट क्लब की ओर से आभार व्यक्त किया।

### एसएचजी डिजिटल लेन-देन हेतु प्रशिक्षित हो रही महिलाएं



**बीजापुर, 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत पूरे देश में स्व-सहायता समूहो का लेन-देन का अभिलेख संधारण रजिस्टरों के माध्यम से किया जाता रहा हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1 अप्रैल 2023 से भारत सरकार के द्वारा समुदाय आधारित आपरेटिंग सिस्टम, लोकोस एप्लीकेशन के माध्यम से स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन तथा संकुल स्तरीय संगठन के समस्त लेन-देन एवं प्रोफाईल एन्ट्री के कार्य कर ऑनलाईन प्लेटफार्म में लाया जा रहा हैं। इसी तारत्मय में प्रशिक्षण दूसरा चरण आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बीजापुर (आरसेटी) में हुआ। जिसमे जिला पंचायत सहायक परियोजना अधिकारी पी आर साहू, नारायण बंजारे, मनीष सोनवानी एवं सहायक प्रचार-प्रसार अधिकारी प्रशांत यादव ने समूह की उपयोगिता एवं लोकोस एप्लीकेशन के महत्व पर प्रकाश डाला जिला बीजापुर में लगभग 2165 स्व-सहायता समूह का निर्माण किया गया हैं।

### आईईडी बरामद



**बीजापुर, 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 28/04/2023 को गंगालूर बीजापुर रोड पर रेड्डी चौक से आगे किकलेर पहाड़ी के पास 03 किग्रा का आईईडी बरामद माओवादियों द्वारा सुरक्षा बल के जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए मुख्य सड़क से लगी पगडंडी पर लगाया गया था आईईडी केरिपु 85वी बटालियन एवं बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा डि-माईनिंग कार्यवाही के दौरान लगभग 01:00 बजे बरामद किया आईईडी BDS बीजापुर की टीम द्वारा मौके पर किया गया निष्क्रिय।

### विधायक एवं कलेक्टर ने ली जीवनदीप समिति की समीक्षा बैठक



**बीजापुर, 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला अस्पताल में आयोजित जीवनदीप समिति की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा एवं विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी अस्पताल परिसर मे साफ-सफाई, मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने आवश्यक दवाईयों का पर्याप्त मात्रा में स्टाक रखने, मरीजों एवं उनके परिजनों की अनावश्यक समस्याओं का सामना न करें उनकी मदद करने सहित कायाकल्प मद जीवनदीप समिति एवं डीएमएफ मद की राशि का समुचित उपयोग कर रख-रखाव, अद्योसंरचना, अस्पताल परिसर एवं भवन में आवश्यकतानुसार अन्य वार्ड का निर्माण कार्य सहित बुनियादि सुविधाओं की खरीदी हेतु तत्काल स्टीमेट प्रस्तुत कर बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में अस्थाई पुलिस चौकी के रिपेयरिंग, हाईमास्ट लाईट, दीवार अंदर पर चेकर्स टाईल्स, गार्डनिंग, कचरे का समुचित प्रबंधन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं नगरपालिका कार्यालय के पीछे निर्माणधीन कर्मचारी भवन का निर्माण समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम सहित जीवनदीप समिति के सदस्यगण तथा सिविल सर्जन एवं जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर्स उपस्थित थे।

### 30 को मोहन मरकाम गरियाबंद होते बिंद्रानवागढ़ के ग्राम चिचिया पहुंचेंगे

**गरियाबंद, 29 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम 30 अप्रैल रविवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहूंच रहे हैं इस दौरान 10:30 को गरियाबंद पहुचेंगे जहां कांग्रेस कार्यकर्ता उनका जमकर स्वागत कर क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत करायेगे तत्पश्चात वे कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे 12 बजे मैनपुर होते। 2:30 बजे ग्राम चिचिया में बुढ़ादेव मंदिर में चंदन जातरा महापूजन कार्यक्रम में शामिल होगें।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के बिन्द्रानवागढ़ दौरे को लेकर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## आत्मानंद स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित, छात्राओं ने मारी बाजी

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**गरियाबंद, 29 अप्रैल।** प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर व मेधावी छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी माध्यम से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से अलग अलग क्षेत्रों में आत्मानंद स्कूल प्रारंभ किया गया। इन संस्थानों में प्रशिक्षित शिक्षक, आधुनिक कंप्यूटर लैब, अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला एवं विविध प्रकार के विषयों से संबंधित वृहद पुस्तकालय और खेल व सांस्कृतिक कला का बच्चों में सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है।शासन के इन्हीं योजना पर अमल करने का कार्य गरियाबंद में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकगण कर रहे हैं । आज विद्यालय के बोर्ड कक्षाओं को छोड़कर कक्षा 1 से लेकर 11 वीं तक के कक्षा के वार्षिक परिणाम घोषित किये गये। कक्षावार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की जानकारी इस प्रकार है कक्षा 1 प्रथम कंचन कटकवार(95.1त्न), द्वितीय योशिका साहू (93.13प्रतिशत), तृतीय द्रोनिशा(92.5प्रतिशत )कक्षा -2 प्रथम डाली का साहू(96.3प्रतिशत) द्वितीय जान्हवी साहू (96.1प्रतिशत),तृतीय - ओजस्वी साहू (95.9प्रतिशत),कक्षा- 3 -प्रथम आराध्या त्रिपाठी (86.5प्रतिशत) ,द्वितीय स्थान- प्रिंस राठिया (86त्न),तृतीय -नक्ष चौबे( 85.9त्न) प्रथम 4-कपीस देवागन (91.5प्रतिशत) द्वितीय ङ्क प्रांजली यादव(86प्रतिशत) ,तृतीय चहक साहू(85.3त्न) , क्लास 5 प्रथम सृष्टि साहू (96.2त्न), द्वितीय- रविकांत साहू(92.1प्रतिशत),तृतीय- अदनान(85.4प्रतिशत),क्लास -6-प्रथम- निशा साहू 89.29त्न, दितीय इशांत साहू(88.64त्न),तृतीय- सौम्य पटेल (87.08त्न),कक्षा -7 वी में प्रथम भावेश साहू 97.7प्रतिशत ,द्वितीय दीपांशी बौद्ध 95.3प्रतिशत, तृतीय तुषार साहू 90त्न,कक्षा 8वी में प्रथम स्नेहा निर्मलकर 89.63त्न,द्वितीय ऐश्वर्या साहू 89.27 ,तृतीय स्थान दिव्या साहू -87.6 तृतीय स्थान आयशा हिंगोरा 87.6प्रतिशत कक्षा नववी में प्रथम स्थान जागृति साहू -96.5प्रतिशत द्वितीय टेकेंद्र कुमार वर्मा 91.66प्रतिशत तृतीय -प्रिंस राव कढ़ारे 87प्रतिशत,कक्षा ग्यारहवीं प्रथम स्थान लक्ष्य साहू 89.47प्रतिशत द्वितीय स्थान चंचल गुप्ता- 89.2प्रतिशत तृतीय स्थान माही चौहान 86.8प्रतिशत परीक्षा परिणाम को देखते हुए पालकों ने खुशी एवं संतोष जाहिर किया है कि उनके बच्चों की समुचित पढ़ाई व्यवस्था अंग्रेजी माध्यम से बराबर जारी है जिसके लिए उन्होंने शासन प्रशासन को आभार व्यक्त किया है ।साथ ही विद्यार्थियों के बीच अपने परिणाम को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शिक्षक सम्मान समारोह में गिरीश शर्मा सम्मानित



**गरियाबंद।** राजिम माघी पुन्नी मेला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का में किया गया। जिसमे शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में पदस्थ सहायक शिक्षक गिरीश शर्मा का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्याम चंद्राकर अध्यक्षता विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर रामेंद्र जोशी ने की, विशेष अतिथि विकासखण्ड स्रोत समन्वयक टिकेंद्र यदु थे।इस अवसर पर देवभोग, मैनपुर,छुरा, गरियाबन्द एवं फिंगेश्वर के उन शिक्षकों का सम्मान किया गया जिन्होंने राजिम माघी पुन्नी मेला 2023 मे उत्कृष्ट कार्य किया है। जिसमे गरियाबन्द ब्लाक से गिरीश शर्मा,के. के. बया, वेंकटेश साहू, शिव साहू, इंदरप्रीत कुकरेजा ,ईश्वरी सिन्हा, प्रतिभा सकरिया, नीता सर्वा,विद्या सेन ,तनेश्वरी ठाकुर शामिल रहे।

## वेदांता लिमिटेड के एल्यूमिनियम व्यवसाय को मिला एएसआई प्रदर्शन मानक प्रमाणपत्र

**कोरबा।** भारत के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम को एल्यूमिनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) की ओर से एएसआई प्रदर्शन मानक प्रमाणपत्र दिया गया है। एएसआई की घोषणा के अनुसार यह प्रमाणपत्र ओडिशा के झारसुगुड़ा में विषेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के अंतर्गत स्थित वेदांता एल्यूमिनियम के स्मेल्टर और कैप्टिव विद्युत संयंत्र को प्रदान किया गया। वेदांता एल्यूमिनियम देश में प्राइमरी एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी है।व्यापक मल्टी-स्टेकहोल्डर परामर्श प्रक्रिया के जरिए विकसित एएसआई प्रमाणन कार्यक्रम एल्यूमिनियम मूल्य श्रृंखला के क्षेत्र में एकमात्र समग्र सस्टेनिबिलिटी मानक पहल है। एल्यूमिनियम मूल्य श्रृंखला में सस्टेनिबिलिटी के मुद्दों को हल करने के उद्देष्य से एएसआई प्रदर्षन मानक व्ही2 (2017) के अंतर्गत पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस के सिद्धांतों और मानदंडों को परिभाषित किया गया है। यह पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस के तीन सस्टेनिबिलिटी स्तंभों के तहत 59 मानदंड निर्धारित करता है जिसके तहत जैव विविधता, श्रम अधिकारों, स्थानीय नागरिकों के अधिकारों और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन जैसे प्रमुख मुद्दों के हल की दिषा में उपाय ढूंढे जाते हैं। वेदांता एल्यूमिनियम के एसईजेड स्मेल्टिंग सुविधा का स्वतंत्र और थर्ड-पार्टी ऑडिट एसईटीआईजेडआईओएन वेरिफिका द्वारा किया गया।एएसआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फिओना सोलोमन ने वेदांता एल्यूमिनियम के स्मेल्टर को एएसआई प्रदर्शन मानक (व्ही2) प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर बधाई देते हुए कहा कि ''कंपनी द्वारा अपनी एल्यूमिनियम उत्पादन प्रक्रियाओं में नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल, ड्रॉस से एल्यूमिनियम प्राप्त करने और संयंत्र स्तर पर अनेक नवाचारों के जरिए कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिषा में कदम उठाए गए हैं। पीएसआई प्रमाणपत्र वेदांता एल्यूमिनियम द्वारा व्यापक ईएसजी मुद्दों के हल की दिषा में उसकी प्रतिबद्धता का द्योतक है।''

## एक नजर

### केसीसी लोन घोटाले में मृतक के परिजनों को मिले मुआवजा : परविंदर

डोंगरगढ़, 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने अपनी बात रखते हु कहा कि राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड मेढा सोसायटी के ग्राम खलारी के कृषकों के साथ फर्जीवाड़ा कर उनके नाम से जिला सहकारी बैंक डोंगरगढ़ की शाखा से फर्जी केसीसी लोन(ऋण) निकलवा लिया गया है, जिसके बारे में किसानों को किसी प्रकार की कोई जानकारी ही नही है जब किसानों द्वारा धान बेचने के बाद भी राशि किसानों के खाते में नही आई तब उन्हे बैंक से संपर्क करने पर पता चला की धान कि राशि उनके फर्जी केसीसी लोन (ऋण) से कांट ली गई है, और उनके खाते में अभी भी शेष कर्ज बताया जा रहा है, जबकि कृषकों का कहना है की हमने कभी केसीसी लोन (ऋण)निकाला ही नही और, ना ही हमे किसी प्रकार कि राशी का भुगतान बैंक द्वारा किया गया है। इसी फर्जीवाड़े के कारण तंग आकर ग्राम खल्लारी सोसाइटी मेढा का किसान आनंद राम कंवर ने आत्महत्या भी कर ली थी। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने इस पूरे प्रकरण की स्वेंदनशीलता को देखते हुए मुख्यमंत्री एवम सहकारिता मंत्री से किसी स्वतंत्र संस्था से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही एवम मृतक किसान के परिवार को 50 लाख मुआवजा और आश्रित को सरकारी नौकरी देने के लिए एक पत्र लिखा है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 3 मई तक

बलौदाबाजार, 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलम्ब से हुआ है या जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित हुआ है तथा जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पात्रता रखते हैं वे शिक्षा सत्र 2022-23 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 03 मई 2023 तक कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया है कि छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही post-matric-scholarship.cg.nic.in वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं के प्रस्ताव एवं स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन (नवीन या नवीनकरण) 27 अप्रैल 2023 से 3 मई 2023 तक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत् बलौदाबाजार जिला के निवासी विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन (नवीन/नवीनकरण) 4 मई 2023 से 8 मई 2023 तक किया जा सकता है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 27 अप्रैल 2023 से 10 मई 2023 एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 27 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक निर्धारित किया गया है।

### पुलिस ने लगाया ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए एक दिवसीय कैंप

बलौदाबाजार, 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वाहन चालकों की सबसे बड़ी समस्या ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया होती है। वाहन चेकिंग के दौरान अधिकांश वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस मौजूद नहीं रहता, लोगों की इस परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में 28 अप्रैल को ग्राम सिंगारपुर मौली माता मंदिर परिसर में एक दिवसीय लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे थाना प्रभारी यातायात बलौदाबाजार के सांथ ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया हेतु परिवहन विभाग की टीम की उपस्थिति की गई है। उपस्थित टीम द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु निर्धारित दस्तावेज प्राप्त कर, शासन द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार तत्काल मौके पर ही आनलाईन फार्म भरकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया संपादित की जा रही है। संपूर्ण प्रक्रिया बड़ी आसानी एवं प्रसन्नतापूर्वक संपन्न की जा रही है, जिससे आम लोगों ने भी बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आज कुल 360 वाहन चालकों का शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर, बिना किसी अड़चन या कठिनाई के ऑनलाइन आवेदन भरवाते हुये जल्द ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जाने की प्रक्रिया में सहयोग दिया गया, जिससे इन लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस बहुत जल्द बनने मे आसानी होगी।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में पैच वर्क और बीटी रोड निर्माण दर्शाकर लाखों का भ्रष्टाचार

## प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से जांच की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 29 अप्रैल। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में पैच वर्क व बीटी रोड निर्माण दर्शाकर लाखो रुपए के भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है. निर्माण एजेंसी मेसर्स मदन लाल एंड पार्टनर राजनांदगांव द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतो में पेंच वर्क व बीटी रोड निर्माण के नाम से शासन द्वारा स्वीकृत की गई, करोड़ों रुपए की राशि का निर्माण के नाम से भारी पैमाने में बंदरबाट किया है.

जनप्रतिनिधियों द्वारा, प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा के नाम से करोड़ों की राशि शासन से स्वीकृत करा ली गई.किंतु कार्य के नाम से विभागीय संरक्षण में ठेकेदार द्वारा भारी पैमाने में लीपा पोती की गई है. ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों को जानकारी होते ही उन्होंने जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह से जांच कराने की मांग की है.

पैच वर्क व बीटी रोड निर्माण के नाम से 5 करोड़ से अधिक की स्वीकृति - प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत कोठीटोला से नवागांव मैं बीटी रोड निर्माण के नाम से 15 लाख रुपए की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई.इसी प्रकार कनेरी से करू टोला मार्ग में बीटी रोड निर्माण कार्य हेतु 29 लाख, मक्काटोला से खूबा टोला हेतु 14 लाख, एन एच 06 से सीतागोटा हेतु एक करोड़ 62 लाख, मक्काटोला से गोविंदपुर मार्ग हेतु 36 लाख, मेढा से मेरेगांव हेतु पैच वर्क कार्य के लिए 2 लाख रुपए, कलकसा से संडीडीह मार्ग में पेंच वर्क हेतु 3 लाख रुपए, शिवपुरी से बाक लेडी पेच वर्क कार्य हेतु एक लाख, एन एच 06 से रानी तालाब मार्ग में पेंच वर्क हेतु 2.50 लाख रुपए, पटपर से भरवा टोला मार्ग में पेंचवर्क हेतु 2 लाख रुपए, एन एच घोरतलाव से भगवान टोला मार्ग में पेंच वर्क कार्य हेतु 2.50 रुपए, बरनाला कला से चिद्दो मार्ग में बीटी रोड निर्माण हेतु 54 लाख रुपए, बिल्हारी से खुर्शीपार मार्ग में बी टी रोड निर्माण हेतु 24 लाख रुपए, देव कट्टा से कन्हारगांव मार्ग में बीटी मार्ग निर्माण हेतु 43 लाख रूपये, एल बी नगर से मुगलानी बी टी मार्ग हेतु 47 लाख, मुगलानी से कोहलाकसा मार्ग में बी टी मार्ग हेतु 42 लाख, डोंगरगढ़ से करवारी मार्ग में बी टी मार्ग निर्माण हेतु 24 लाख रुपए मडीयान से कोटनापानी मार्ग में बी टी कार्य पूर्ण करने हेतु 46 लाख, मोहारा से मुढ़ीया मार्ग में बी टी मार्ग हेतु 9 लाख रुपए, कोलिहापुरी से ठेकवा मार्ग में बी टी मार्ग निर्माण हेतु 31 लाख रुपए, आलेदंड से बजरंगडीह में बी टी रोड निर्माण हेतु 15 लाख रुपए एवं टाटेकासा से दीवान टोला मार्ग में बी टी कार्य हेतु 22 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है.

एक वर्ष बाद भी आधा अधूरा निर्माण, अनेक स्थानों पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया -प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम रानी तालाब मैं पैच वर्क का कार्य प्रारंभ करके छोड़ दिया गया है, वही सीसी कारण का कार्य नहीं किया गया. ऐसी ही स्थिति एन एच 06 घोर तलाव से भगवान टोला मार्ग की है, बनारा ला कला के सरपंच लिलार ध्रुव ने बताया कि, बरनाला कला से चिद्दो मार्ग में किए गए बीटी कार्य में भारी पैमाने में भ्रष्टाचार किया गया. गांव के भीतरी मार्ग में इस्टीमेंट के अनुसार सीसी करण कार्य नहीं किया गया और बिना कार्य पूर्ण हुए, ठेकेदार को पूर्ण भुगतान प्राप्त होने की जानकारी प्राप्त हुई है. इसी प्रकार देवकट्टा के सरपंच प्रतिनिधि पूरन से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवकट्टा से कन्हार गांव मार्ग में निर्माण के दौरान भारी अनियमितता बरती गई. गांव के भीतरी भाग में सीसी करण का कार्य नहीं किया गया. यही हाल एलबी नगर से मुगलानी मार्ग का बताया जा रहा है, जहां 47 लाख रुपए खर्च कर बी टी कार्य पूर्ण किए गए हैं. इसके अलावा शिवपुरी से बांक लेडी मार्ग मैं ना तो पेंच वर्क का कार्य किया गया ना ही सीसीकरण का कार्य किया गया. यही हाल उक्त सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों में देखा गया है.

### स्वीकृत कुछ कार्य शेष है: एसडीओ

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एसडीओ बृजेश शर्मा के अनुसार सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण किए गए हैं. कुछ कार्य शेष है, इसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा.

### ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने की अनियमितता की शिकायत

जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह ने कहा है की स्वीकृत निर्माण कार्य में की गई अनियमितता व आधे अधूरे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गई है. जिसे साधारण सभा की बैठक में सदस्यों के समक्ष रखा जाएगा.

# 13 मवेशियों को कत्लखाना ले जाने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



डोंगरगढ़, 29 अप्रैल। पुलिस ने 13 मवेशियों को कत्लखाना ले जाने के मामले में फरार आरोपी मुजामिल खान पिता जाहिर खान उम्र 25 साल साकिन जंगेरा थाना रावणवाडी जिला गोंदिया महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार 17 मई 2022 को सूचना प्राप्त हुआ कि, जवाहरलाल नेहरू कालेज डोंगरगढ़ के सामने मेन रोड पर पीकप वाहन क्रमांक एम.एच. 40 ए.के. 4635 खडा है वाहन में भारी मात्रा में मवेशी भरा हुआ है। सूचना पर तत्काल पुलिस पार्टी रवाना कर सूचना की तस्दीक की गयी। वाहन में कुल 13 नग मवेशी भरा मिला वाहन चालक द्वारा गाडी खराब होने से गाडी छोड़ कर फरार हो गये है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 389/2022 धारा 4, 6, 10 छ.ग. कृषक पशु परि अधि.2004 एवं 11 पशु कुरता निवारण अधि. 1960 कायम कर विवेचना मे लिया गया। जप्त शुदा मवेशी को सुरक्षार्थ गौशाला डोगरगढ़ में रखा गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री प्रभात पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोगरगढ़ एमन कुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर लगातार फरार चल रहे आरोपी की पता साजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान अज्ञात आरोपी वाहन क्रमांक एम.एच. 40 ए.के. 4635 के मालिक का नाम पता आर.टी.ओ.कार्यालय नागपुर से प्राप्त कर सकूनत पर पहुचकर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। थाना लाकर पूछताछ करने पर गाडी खराब होने से मवेशी भरे पीकप को छोडकर फरार हो जाना बताये है व गाडी का दस्तावेज पेश किये है। आरोपी के विरूध्द पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूसियल रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में प्रधान ऐशु राम बनवाली आरक्षक खूब चंद ठाकुर परस ध्रव की भूमिका सराहनीय रही।

शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने हीरापुर के ग्रामीण हुए लामबंद

# सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने तहसीलदार व सचिव को सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 29 अप्रैल। क्षेत्र के हीरापुर गांव का मामला सामने आया है जहां बापूटोला निवासी सुनील देवार को बंदर रखवारी के लिए अस्थाई रूप में गांव वाले रखे थे एक साल पहले उसे बंदर रखवारी से गांव वालों ने हटा दिया है और उसे शासकीय भूमि को छोड़कर जाने के लिए बोला गया है लेकिन सुनील देवार ना तो गांव से जा रहा है और ना ही शासकीय भूमि को छोड़ रहा है इसके अलावा वह आसपास के पांच गांव में रखवारी कर रहा है यहीं हीरापुर में रहकर। सुनील देवार एवं उनकी पत्नी के द्वारा बार - बार गांव के प्रधान हेमलाल वर्मा को बिजली लगाने एवं आधार कार्ड के फार्म में हस्ताक्षर करने के लिए लगातार दबाव बनाया जाता रहा है लेकिन गांव में मामला विवादित होने के कारण प्रधान द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया इसपर सुनील देवार एवं उनकी पत्नी ने प्रधान हेमलाल वर्मा को फंसाने एवं पुरे ग्रामवासियों को फंसाने का धमकी तक दे चुके हैं। जिसको लेकर गांव वालों ने बैठक करके पुरा गांव हस्ताक्षर करके इसकी संपूर्ण जानकारी ज्ञापन के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ को दिया। हीरापुर के ग्रामीण एवं प्रधान हेमलाल वर्मा ने कहा कि हम प्रशासन से निवेदन करते हैं कि दुसरे गांव के व्यक्ति द्वारा हीरापुर में अवैध रूप से कब्जा किए हुए जमीन को खाली कराने एवं ऐसे व्यक्ति को गांव से हटाने में गांव वालों की मदद करने में सहयोग प्रदान करें। प्रधान हेमलाल वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि कब्जा नहीं हटाने एवं कार्यवाही नहीं करने पर पुरे गांव के महिला, पुरूष, युवा, बच्चों के साथ डोंगरगढ़- चिचोला रोड में चक्काजाम किया जाएगा। ज्ञापन की प्रतिलिपि तहसीलदार लाल बहादुर नगर, थाना प्रभारी डोंगरगढ़, बिजली विभाग लाल बहादुर नगर एवं सचिव ग्राम पंचायत मक्काटोला को ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत प्रधान हेमलाल वर्मा, ग्राम प्रमुख घनश्याम वर्मा, ढेलू वर्मा, श्यामलाल वर्मा, पंचराम ठाकुर, संतराम वर्मा, दिलीप कुमार, रामकुमार वर्मा, जगन वर्मा, कपिल वर्मा, पदुम वर्मा, प्रभु वर्मा, जोसिंग वर्मा, टेकराम वर्मा, जोहन वर्मा के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय सायबर क्राइम अनुसंधान कार्यशाला

■ कार्यशाला में उपस्थित साइबर एक्सपर्ट द्वारा अनुसंधान एवं सायबर अपराधियों की धरपकड़ हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं की दी जा रही है जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 29 अप्रैल। आज हर दूसरा व्यक्ति ऑनलाइन माध्यमों को रकम ट्रांजैक्शन के लिए अपनाता है। इसके सांथ ही आज के वर्तमान परिदृश्य में सायबर ठगी की घटनाएं भी काफी बढ़ चुकी है। सायबर ठगों द्वारा लोगों को लोक-लुभावने स्कीम, मोबाइल में लिंक सेंड कर, बैंक अधिकारी बन फोन कॉल कर खाते से संबंधित जानकारी निकालना, सोशल मीडिया का असुरक्षित प्रयोग सहित अन्य तरीकों से ठगी का पूरा जाल फैलाकर लगातार साइबर अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। साइबर अपराधों की घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधी भी अत्याधुनिक संचार साधनों का इस्तेमाल कर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जिससे इन सायबर अपराधियों को पकड़ना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। इस कारण साइबर अपराधियों की धरपकड़ हेतु पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का पूर्ण रूप से प्रशिक्षित होना एवं साइबर अपराध से संबंधित सूक्ष्म बातों का ज्ञान होना भी अत्यंत आवश्यक है। साइबर अपराधों में सफलता पूर्वक जांच कार्यवाही एवं इससे जुड़े अपराधियों की धरपकड़ हेतु तथा जिले में पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को सायबर क्राइम की जानकारी प्रदान करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में आज दिनांक 26-28 अप्रैल तक जिला पंचायत सभागार बलौदाबाजार में साइबर क्राइम अनुसंधान 03 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 26 अप्रैल को प्रथम दिवस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कर उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को कार्यशाला में बताए जाने वाले महत्वपूर्ण बिंदुओं का जांच, विवेचना कार्यवाही में उपयोग कर अपराधियों की धरपकड़ एवं सजा दिलाने में अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु समझाइश दिया गया।




### बेरोजगारी भत्ता योजनाः अब तक 4792 आवेदन प्राप्त व 2446 स्वीकृत

बलौदाबाजार, 29 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में छत्तीसगढ़ बेरोजगारी भत्ता के तहत 1 अप्रैल से अबतक कुल 4792 शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों ने ऑनलाइन आवेदन किए हैं। साथ ही अभी तक कुल 2446 आवेदनों का सत्यापन किया गया है। सत्यापन का कार्य क्लस्टर बनाकर किया जा रहा है, ताकि युवाओं को आवेदन करने में परेशानी का सामना न करना पड़े। मिली जानकारी के अनुसार सिमगा विकासखंड में 42 युवाओं ने आवेदन किए हैं जिसमें 18 आवेदनों का सत्यापन किया गया है। कसडोल विकासखंड में 106 आवेदनों में से 44 सत्यापित हुए, लवन विकासखंड में 62 आवेदनों में से 27 सत्यापित हुए। इसी तरह पलारी में 53 आवेदनों में से 39 और टुण्ड्रा विकासखंड में 87 आवेदनों में से 54 आवेदनों का सत्यापन हो चुका है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में 101 आवेदन में से 69 आवेदन और नगर पालिका भाटापारा में 125 आवेदन में से 83 आवेदन का सत्यापन किया जा चुका है। इन सभी पात्र आवेदनों की एंट्री पोर्टल में की जा रही है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों में दिए गए नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से प्रमाण पत्र सहित क्लस्टर में उपस्थित होने के लिए जानकारी भेजी जा रही है। कलेक्टर रजत बंसल के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों और नगरीय क्षेत्रों में बनाए गए क्लस्टरों में जनपद सीईओ और नगर पालिका अधिकारी की देख-रेख में सत्यापन का काम किया जा रहा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

क्रमांक/556/अविअ/वा-1/2023
देवभोग, दिनांक 20.04.2023

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. आरिफ मेमन पिता अय्युब मेमन व अन्य 01 निवासी ग्राम झाखरपारा तहसील देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बाड़ीगांव, प.ह.नं. 04, तहसील देवभोग में स्थित भूमि ख.नं. 35, 41 रकबा क्रमशः 0.10, 0.20 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है, जिसे औद्योगिक प्रयोजन के लिए भूमि परिवर्तित कर पुनः लगान निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के द्वारा दिए गए आवेदन अनुसार औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 04.05.2023 समय 5.00 बजे तक मेरे समक्ष स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं समक्ष प्राधिकारी, देवभोग

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202304201500012/ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/5885न.पा./लो.नि.वि./2023 कोण्डागांव दिनांक 24.02.2023 के अनुसार आवेदक श्री जयलाल देवांगन पिता गागरू उर्फ लच्छू जाति कोष्टा निवासी सरगीपालपारा तहसील व जिला कोण्डागांव, (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला सरगीपालपारा स्थित भूमि शीट नम्बर-02 भूखण्ड क्रमांक 521/4 क्षेत्रफल 4356 वर्गफीट भूमि नजूल संधारण में सुखलाल, जयलाल, मन्नूलाल पिता गागरू उर्फ लच्छूराम, ललिता पिता सुकूराम जाति कोष्टा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि क्षेत्रफल 4356 वर्गफीट में से भू-तल में क्षेत्रफल 790 वर्गफीट भूमि पर प्रथम तल में क्षेत्रफल 790 वर्गफीट पर एवं द्वितीय तल में क्षेत्रफल 790 वर्गफीट पर आवासीय प्रयोजन हेतु भवन निर्माण करने अनापत्ति प्रमाण-पत्र नक्शा, खसरा एवं अन्य दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को भूमि सत्यापन एवं निर्माण कार्य हेतु अभिमत/अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 08.05.2023 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.04.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**
(फोन/फैक्स नं.-07856-252362 ई मेल- eedan-phe-cg@nic.in)

**(जल जीवन मिशन)**
**ऑनलाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना**

जी-क्रमांक-00065

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निम्नलिखित ऑनलाईन निविदा में कोई भी निविदाकार भाग नहीं लेने के कारण निरस्त किया जाता है। विवरण निम्नानुसार है।

| स.क्र. | निविदा सिस्टम क्रमांक |
|---|---|
| 1 | system no-129891, 129893, 129894, 129895, 129896, 129897, 129898, 129899, 129903 |

उक्त निविदा की शेष नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी।
जी क्रमांक-00065

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

जी-00729/5

# कलेक्टर बंसल और सीईओ वर्मा को दी गई भावभीनी विदाई

# जिले को और तेजी से विकास की ओर ले जाने की जरूरत : बंसल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 29 अप्रैल। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में कलेक्टर रजत बंसल व जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। राज्य शासन द्वारा कलेक्टर रजत बंसल की नवीन पदाथपना मनरेगा आयुक्त के पद पर की गई है वहीं जिला पंचायत सीईओ वर्मा को कलेक्टर जिला खैरागढ़- छुई खदान- गंडई पदस्थ किया गया है। विदाई समारोह में जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर बंसल व जिला पंचायत सीईओ वर्मा को जिले में उनके कार्यकाल को यादगार बनाने के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर बंसल ने कहा कि करीब 10 महीने जिले में कार्य करने का अवसर मिला लेकिन फील्ड में काम करते हुए लगभग 10 वर्ष हो गए। बलौदाबाजार - भाटापारा जिले को अमूमन एक मुश्किल जिले के रूप में देखा जाता है जो मेरे दृष्टि से सही नही है। यहां रिसोर्स की कमी नही है जिसे विकास कार्यो में लगाने की जरूरत है ताकि और तेजी से जिले का विकास हो। उन्होंने कहा कि जिले में सभी का सकारात्मक सहयोग मिला। आगे राज्य स्तर पर दायित्व निर्वाहन की जिम्मेदारी मिली है। नए दायित्व के क्षेत्र में ज्यादा अनुभव नही है लेकिन यदि सोच सही दिशा में हो तो योजना का क्रियान्वयन बेहतर हो सकता है। इस सोच से काम करने का प्रयास होगा। जिला पंचायत सीईओ ने जिले में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जिले में काम सीखने का अवसर मिला। जिले में चुनौतियों का सामना करते हुए उससे पार पाने की कोशिश सफल रही। जिले के सभी अधिकारी -कर्मचारी अपने काम के प्रति बेहद सक्रिय हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने कहा कि दोनों अधिकारियों के सरल व सहज स्वभाव ने अधिकारी- कर्मचारी सहित लोगों को प्रभावित किया है। आवश्यकता आधारित कामों पर ज्यादा फोकस रहा है। सहयोगात्मक व्यवहार रहा है जो अधीनस्थ अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक है।

**कार्यालय नगर पंचायत बस्तर, जिला-बस्तर ( छ.ग. )**

क्रमांक/145/लो.नि.वि./न.पं./2023 — बस्तर, दिनांक 27/04/2023

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 10.05.2023 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 11.05.2023 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि - 17.05.2023 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 17.05.2023 4.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-03 कतलाम घर से सी.सी. रोड छोटे पुलिया तक 200 मी.) | 6.12 | 4600.00 |
| 02 | आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-04 पुराना पंचायत तहसील आफिस के पीछे बाउण्ड्रीवाल तक 300 मी.) | 8.36 | 6300.00 |
| 03 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-04 नया पीडब्ल्यूडी ऑफिस से सुरेन्द्र घर तक 160 मी.) | 4.54 | 4600.00 |
| 04 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-15 झाडूराम घर से करूणा सागर के खेत तक) | 4.93 | 5000.00 |
| 05 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-15 रेटावण्ड से बुधरू घर तक 80 मी.) | 4.12 | 4200.00 |
| 06 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-06 विष्णु घर से नारायण घर तक जुनागुड़ा) | 4.12 | 4200.00 |
| 07 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-06 भालूपारा आंगनबाड़ी रोड से रामचंद के घर तक 80 मी.) | 2.51 | 2600.00 |
| 08 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-06 जुनागुड़ा सुधीर गैरेज के बाजू से धीरज घर तक 50 मी.) | 1.54 | 2000.00 |
| 09 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-12 मातागुड़ी चौक से एन.एच.30 पंकज त्रिपाठी के घर तक 350 मी.) | 11.19 | 8500.00 |
| 10 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-12 हुसैन घर से पुलिया तक 210 मी.) | 5.44 | 5000.00 |
| 11 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-07 करलाकोंटा डामर रोड से पानी टंकी तक 45 मी.) | 1.38 | 2000.00 |
| 12 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-07 नवागुड़ा रोड प्रदीप घर से दयाराम घर तक 80 मी.) | 2.46 | 2500.00 |
| 13 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-13 शुक्ला दुकान से एन.एच.30 तक 190 मी.) | 4.92 | 5000.00 |
| 14 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-13 बीरजी टेलर के सामने से दीनू घर तक 90 मी.) | 2.77 | 3000.00 |
| 15 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-04 अनुप तिवारी घर से आई.सी.आई.सी. बैंक तक 120 मी.) | 3.11 | 3200.00 |
| 16 | पाईप लाईन विस्तार कार्य वार्ड क्र.-03 गीता पाण्डे के घर से कार्तिक घर तक | 3.03 | 3000.00 |

उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बस्तर




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23